और तीसरी बात जिसको मैं कहता हूं सामाजिक मान्यता । आज या कल किसीने कहा भी था कि हमारे (संस्कृत) विश्वविद्यालयों के अन्दर जितने छात्र आते हैं उनको हम हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हैं, छात्रवृत्ति देते हैं, उसके बाद भी हमारे यहां वही लोग आते हैं, जिनको इञ्जीनियरिंग में नहीं मिला, कम्प्यूटर में नहीं मिला, मेडिकल में नहीं मिला, दूसरे में नहीं मिला, केमेस्ट्री में नहीं मिला । वे सब लोग आते हैं संस्कृत में । जैसे जिसकी कोई गति नहीं हैं उसकी वारणसी गति हो जाती है 'एषां क्वापि गतिर्नास्ति तेषां वाराणासिर्गतिः" ऐसा कहते हैं । इसी प्रकार "एषां क्वापि गतिर्नास्ति तेषां छात्राणां संस्कृतं गतिः" यह जो स्थिति है इस स्थिति के पीछे क्या करण है ? कारण यह है कि हम संस्कृत विद्या को आधुनिक धारा के साथ जोडने में असफल रहे। एक तमिल साहित्य का प्रसिद्ध क्लासिक ग्रन्थ आपने नाम सुना होगा कुरल(ड ?) त्रिकुरल, उन्होंने बहुत सूत्रशैली में लिखा है "जो विद्या समय के साथ नहीं जुडती है, जिसने ऐसा नहीं सीखा है, वह चाहे जितना सीखा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हो फिर भी बज्रमूर्ख है ।" उनके कथन का यही अर्थ है । समय की धारा अर्थात् दूसरा उसके साथ साथ जो जीवन की धारा है इन दोनों के साथ विद्या को नहीं जोडेंगे तब तो वह विद्या, विद्या नहीं है। तो हमको सामाजिक मान्यता प्राप्त करने के लिए कुछ कर गुजरना जरूरी हो गया है । इसमें भी प्रोफेसर उन्नी, जो केरल के शङ्कराचार्य के नाम से प्रतिष्ठापित संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति हैं, वो लोग इस दिशा में कोई प्रयास कर रहे हैं, बहुत सार्थक प्रयास कर रहे हैं । इतना ही नहीं प्रान्त के शङ्कराचार्य का हम लोगों ने दर्शन किया था परसों। उनके स्थान पर इस विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा है । महाराज श्री भी इसी प्रकार के कार्य करते हैं । जिस प्रकार संस्कृत के शास्त्र हैं उन शास्त्रों के साथ आधुनिक विद्या को कैसे जोड सकें, इस दिशा में वो भी प्रयास कर रहे हैं । यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पक्ष है कि संस्कृत विश्वविद्यालयों को जीवित रहकर जीवन की धारा के साथ जोडने में हम क्या कर सकते हैं, हमारे पाठ्यक्रम कैसे हो सकते हैं । इसके साथ-साथ एक खतरा यह भी है। उस खतरे से मैं पूरा वाकिफ हूं । वह क्या है कि हमारे शास्त्रों के अध्ययन का क्या होगा ? महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय में न्याय दर्शन का, व्याकरण का गम्भीर अध्ययन-अध्यापन नहीं होगा तो और कहां होगा? संस्कृत विश्वविद्यालय शास्त्र की रक्षा नहीं करेगा तो कौन करेगा ? शास्त्र पूरे मर जायेंगे । यह एक खतरा जरूर है । उस खतरे को ध्यान में रखते हुए कैसे सन्तुलन रखेंगे यह हम लागों को सोचना है ।

चौथा है, बहुत अब तो व्यावहारिक बाते हैं, इम दोनों के विश्वविद्यालयों के लिए । जिस तरह विश्वविद्यालयों के बीच घनिष्ट सम्बन्ध हो इस दिशा में हमें प्रयास करना चाहिए । यह सम्बन्ध शिक्षकों, छात्रों के बीच परस्पर आदान प्रदान से सम्भव हो सकता है । और इस तरह का आदान प्रदान न केवल किसी दो युनिवर्सिटियों के बीच अपितु नेपाल व भारत के भी विभिन्न प्रान्तों के विश्वविद्यालयों के बीच यह आदान प्रदान का सम्बन्ध सुदृढ होना चाहिए । यह प्रयास Association of Indian Universities के द्वारा सम्भव हो सकता है । जिस तरह नेपाल का एक विश्वविद्यालय उससे जुड सकता है तो दूसरा विश्वविद्यालय, महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय भी इसमें सम्बद्ध हो सकता है । भारत और नेपाल के संस्कृत विश्वविद्यालयों के बीच भी इसी तरह की सम्बद्धता एवं आदान प्रदान की परम्परा कायम हो सकती है ।

ये जो संस्कृत के विद्वान् हैं, खास करके जिनको Creative Writers कहा जाता है, उन लोगों की भी इससें एक सार्थक भूमिका हो सकती है । वैसे तो ऐसे कार्यक्रम होते भी हैं लेकिन विशेष कर उन सर्जक प्रतिभाओं को इसी उद्देश्य से साहित्य की सृष्टि के द्वारा इस ओर प्रेरित किया जाय तो वे लोग पूरे संस्कृत वर्ग को चाहे वो भारत के हों या नेपाल के सभी को अलग-अलग इकाइयों के रूप में न होकर समष्टिगत दोनों ही दिशा की ओर सर्जक प्रतिभाओं का विचार प्रेरित कर सकता है । विचार की प्रभावकारिता के विषय में मुझे इससे ज्यादा कहने की आवश्यकता नहीं है ।

ग्रीक सभ्यता के बारे में में किसी ने दो पंक्ति लिखी है, जो कि हमारे लिए भी एक प्रकार से आदर्श हो सकता है । पंक्ति क्या है कि हमारा पुराना इतिहास है, इतिहास बुहत महत्वपूर्ण है लेकिन केवल पुराणों पर सीमित न रहते हुए वर्तमान और भविष्य की तरफ ध्यान दें इसके लिए संस्कृत का एक सुभाषित ही कह दूं "तातस्य कूपोऽयमितिब्रुवाणाः क्षारं जलं कापुरुषाः पिबन्ति" कहा है । मेरे पिता का खोदा हुआ यह कुंआ है इसीकारण उस खारे पानी को पीने की आवश्यकता नहीं है । दूसरा कुंआ खोदकर मधुर जल भी पिया जा सकता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसी प्रकार हमारे गुरु जी का कथन था 'हरेः कोलावतारेण किटीनां का वरेण्यता'' बहुत प्रभावी कटु शब्दों से कह दिया कि भगवान् विष्णु के बराह अवतार मात्र से आजकल के सूअरों की क्या श्रेष्ठता स्थापित होगी? आज के सूअर का क्या महत्त्व बडा ? आज का सूअर तो सूअर ही है । इसी तरह हमारे यहां कैसे कैसे बडे बडे लोग थे, उसके आधार पर हमारी महत्ता नहीं होगी । हमें अपनी महत्ता अपनी ही तरफ से सिद्ध करना पडेगा । मेरे पूर्वोक्त एथेन्स की सभ्यता सम्बन्धी वाक्य का भी यही आशय है । वाक्य इस प्रकार है ''यहां का नागरिक सम्राट् की भावना से ओतप्रोत है, वर्तमान पर उसका पूर्ण शासन है और उसका आधार, वर्तमान पर शासन की शक्ति का स्रोत उस नागरिक का भूत है, अतीत है । यह उस वाक्य का हिन्दी रूपान्तरण है । नेपाल भारत दोनों का भूतकाल अत्यन्त समृद्ध और उज्ज्वल है । उसी समुज्ज्वल भूत पर खडे होकर वर्तमान पर हमारा शासन होना चाहिए । वर्तमान से हमें लडना चाहिए । तब जाकर के हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति दोनों ज्यादा प्रभावी होंगी ।

मैंने समय भी बहुत लिया । जो कहना था उसमें कुछ काट छाँट भी किया और जो करना या कहना था कह दिया । प्रथम पंक्ति में महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलपति गौतम जी और अन्तिम पंक्ति मे भारतीय राजदूतावास के अखिलेश मिश्रा जी बैठे हैं । एक पहली पंक्ति में और दूसरे अन्तिम पंक्ति में बैठे हैं । इसी से, पूरे का प्रत्याहार से सब कुछ ''आदिरन्त्येन'' हो गया । आप सबको नमस्कार करता हूं, धन्यवाद ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृत और नेपाल–भारतसम्बन्ध

– वाचस्पति उपाध्याय*

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।
अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।
यत्कृपालेशमासद्य मूको वाचस्पतीयति ।
विद्यागुरुर्विश्वनाथः स नो लक्ष्यं प्रपूरयेत् ।।
सदाशिवसमारम्भां शङ्कराचार्यमध्यमाम् ।
अस्मदाचार्यपर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ।।
चकास्त्युदीच्यां स्वगुणैर्विशिष्टैर्नेपालनामा विषयः सुरम्यः ।
हिमाद्रिवर्ती स्थितिधर्मवृत्तादिभिश्चिरं भारतबद्धसख्यः ।।

मित्रों !

सुलभाः पुरुषा राजन् ! सततं प्रियवादिनः ।
अप्रियस्य च पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः ।।

प्रिय–वादियों, प्रियम्बदाओं की उपस्थिति में अप्रिय तथ्य की बात सुनकर आपलोग आश्चर्यान्वित न हों। मैं आपसे निवेदन करूं कि संस्कृत को थोडी देर के लिए आप अलग कर लें । और फिर आपने लिखा है नेपाल और इण्डिया, मैं निवेदन करूंगा भारत के दूतावास से कि भविष्य में भारत शब्द का प्रयोग करें । और नेपाल भी अगर नयपाल शब्द को देख ले तो इसका भी गौरव और बढ जाएगा । क्षमा करिएगा यदि मुनि के नाम पर यह वंश परम्परा चली है तो इसका नाम तो नेपाल ही होना चाहिए । और हमारे सम्विधान के साथ भी ऐसा ही कुछ उपहास हुआ । अस्तु ।

उसके बाद एक बात और मैं आज की संगोष्ठी में कहना चाहता हूं । आपने दूतावासों की भूमिका को ओझल क्यों कर दिया ? यदि भारत वर्ष की स्वतन्त्रता के पचास चांद और स्वर्ण कलश को छूने के लिए उत्सुक यह मेरा देश है तो आपका देश भी कहीं न कहीं किसी रूप में हीरक जयन्ती या मणिमाणिक्य जयन्ती तो मना ही रहा होगा । इतिहास इतना जल्दी मित्र ! भूला नहीं जा सकता । मुझे याद आ रहे हैं जयशङ्कर प्रसाद । मुझे याद आ रही हैं उनकी कामायनी की वे पंक्तियां, जब आपके बीच में कह रहा था उदीच्यां । यह हिमगिरि है ।

---

* उपकुलपति, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आज एक शिलालेख की पंक्ति अभी उद्धृत करूंगा। उस पंक्ति में एक बात आई है। मुझको लगता है जब अविकल रूप में जयशङ्करप्रसाद जी अपना अमरकाव्य कामायनी को लिख रहे थे तो उन्होंने लिखा था "हिमगिरि के उत्तुङ्ग शिखर पर बैठ शिला की शीतल छांह, एक पुरुष भीगे नयनों से देख रहा था प्रलय प्रवाह, मनु थे, ऊपर हिम था नीचे जल था, एक सघन था एक तरल, एक तत्त्व की ही प्रधानता उसे कहो जड या चेतन" हमारे सम्बन्धों का इतिहास जड हुआ है या चेतन, अध्यक्ष जी विचारणीय एक प्रश्न यह है आज।

संस्कृत जीवित है। संस्कृत चेतन है। संस्कृत क्या है यह बात मैं आपसे नहीं कहना चाहता। मुझसे बढकर के यहां पर हमारे आदरणीय अग्रज और हमारे श्रद्धेय लोगों ने कहा है। मुझे भीतर की वेदना सता रही है, उसमें मैं आपकी समवेदना चाहता हूं। जब यह कहा गया इतिहास के पन्नो में कि हिमालय के आंगन में उसे प्रथम किरणों का दे उपहार तो वह उपहार मित्र आपको ही नहीं मिला था वह भारत देश को भी मिला था। उपहार एक ऐसी वस्तु होती है, जिसको बहुत ही गम्भीरता के साथ सजोकर रखा जाता है, सम्हाला जाता है। इसीलिए कहा जाता है कि भूत बहुत शानदार हो, भविष्य बहुत महान् हो तो बात तब बनती है जब वर्तमान को हम सम्हाल लेते हैं। अंग्रेजी के बहुत समझदार आदमी ने कहा (Let us live in the present tense but our present should not be tense, let us live in the present tense but let not our present be tense.) मैं आज आप लोगों से पूछना चाहता हूं। जब मैं इस संगोष्ठी के लिए अपनी तैयारी कर रहा था, संस्कृत का विद्यार्थी हूं, भारत के दूतावास के प्रथम सचिव जी का जब पत्र मिला मैं सोच रहा था कि बहुत लम्बी चौडी गोष्ठी का आयोजना किया जा रहा है। जरा जमकर के तैयारी कर के चलो। मैं नेपाल के दूतावास में गया। बहुत ही भद्रता के साथ वहां के द्वितीय सचिव महोदय ने मेरा स्वागत किया। मैंने उनसे अपनी वेदना कही। और मैंने कहा कि मैं तो मीमांसा का विद्यार्थी हूं और आज देखिये कि मेरे साथ किस तरह का न्याय किया जा रहा है। आदरणीय अध्यक्ष जी ! मीमांसा में तीन प्रकार के सवन की चर्चा है। सोम का अभिषव जो होता है एक प्रातः सवन होता है, एक माध्यन्दिन सवन होता है, और सायं सवन होता है। आज धीरे धीरे "सायन्तने सवनकर्मणि संप्रवृत्ते" हम लोग सायन्तन सवन में लग गए। माध्यन्दिन सवन में मुझे कुछ आपके सामने बोलना था। मैंने दूतावास के द्वितीय सचिव जी से कुछ सामग्री मांगी तो उन्होंने बहुत ही उत्साहपूर्वक मुझे एक फोटोकपि दी। मैं नाम नहीं लूंगा उस लेख का। बडा विवादपूर्ण हो जाएगा। पर आपके सामने मैं एक अध्यापक और अध्यापक से भी ज्यादा एक छात्र होने के नाते उस गम्भीरता की बात को क्यों न कहूँ, जो संस्कृत को अलग करके हमारे इस प्रैजेन्टेन्स को टेन्स में परिणत कर रही है और Relation Attention का नहीं हैं टेन्सन (Tension) का हो गया है। उस विद्वान् ने Presently India complains against Nepal with four main catagories (1) Center for terrorists, Narcotraders, Smugglers, (2) Incouraging the Gorkha Land movements in Darjaling to destabelish northwest, (3) Unnecessarily trying to drow India into refugee problems from Bhutan, (4) And Treaties Nepali People of Indian origin with difference. एक पक्ष यह कहा और Nepaleses on the other hand are simply concerned with the need of the receive of the treaty right to transit and need to remove the indegenous contact requirment about the exports of the manufacture commodities of India. A fair

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

deal in the water resources sharing in the respected on which both countries shared mutually restored lost confidence. मेरे मित्रों, मैं इस Lost confidence में संस्कृत की भूमिका को खोजने के लिए खडा हूं । पुनः एक कवि की पंक्ति उद्धृत करता हूं "एक जहर है चन्दन वन में, एक जहर है अन्तर मन में, मैं दोनों के बीच खडा जीने की तैयारी में ।" इस खोए हुए आत्मविश्वास को कहां से लाया जाय? संस्कृत इस बात को कहां से करे ? क्षमा करिएगा, मैं कभी आकर पञ्चतन्त्र पढता हूं, हितोपदेश पढता हठं, लेकिन उसका प्रयोग कम करता हूं । षाड्गुण्य मैंने कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी पढा, कामन्दकीय में भी पढा, याज्ञवल्क्य में भी पढा, और मनु में भी पढा । उसकी बारीकियों की तरफ मैं ध्यान आकृष्ट नहीं करूंगा लेकिन संस्कृतका विद्यार्थी होने के नाते मैं आपलोगों से विनम्रतापूर्वक यह एक छोटा सा सवाल कर सकता हूं कि हमारा और हमारा, मैं कैसे कहूं कि नेपाल और भारत अलग अलग हैं ? हमारा और हमारा क्यों कि आपकी प्राचीन संस्थाओं में जिन शब्दों का मैंने प्रयोग देखा है, मैं गदगद हो गया हूं । अकेले मैंने आनन्द के अश्रु बहाये हैं । इसीलिए मैं कहता हूं हमारा और हमारा । आपका और आपका हम और हमारे के बीच में Geo–economist काम करेगा या Geo–politics काम करेगा, भाई अखिलेश जी, मेरे इस विनम्र संस्कृत के विद्यार्थी के प्रश्न को आप दूतावास तक जरूर पहुँचाएं । यदि भूगोल और अर्थशास्त्र साथ–साथ चलेंगे तो यह देश बहुत आगे चला जाएगा । दोनों देशों की प्राचीन मैत्री "भारतबद्धसख्यः" सार्थक हो सकेगा । संस्कृत के विद्यार्थी होने के नाते मैं उन विषयों को स्पर्श करना चाह रहा हूं, जिन विषयों को आपने इस सायन्तन सवन में मेरे जिम्मे लगाया है । मैं आज आपसे यह निवेदन कर रहा हूं, यदि सहमति कोई होनी है, एक समय ऐसा था, जब कोलम्बो प्लान का एग्रिमेन्ट हुआ, वी. पी. कोइराला फाउण्डेशन हुआ और उन लोगों ने एक किताब निकाली – The Culturel heritage of Nepal उसमें दो तीन निबन्ध आए "दि लिटररी हेरिटेज आव नेपाल आया, पोलिटिकल इंष्टिच्यूशन की भी बात आई । उस निबन्ध ने मेरी बहुत सहायता की । कला पर बात की गई, भवन निर्माण कला पर बात की गई । बहुत सारी चर्चाएं हुईं । आज मैं कहता हूं कि उसका पुनरुत्थान क्यों न हो ? एक नये सिरे से इस बात को जैसा हमारे श्रद्धेय वेङ्कटाचलम् जी ने कहा, उस बात को साकार रूप क्यों न दिया जाय ? आपने बहुत सुन्दर श्रीगणेश किया । पिछले वर्ष आपने हमारे श्रद्धेय संस्कृत के नव जागरण के पुरोधा डा. मण्डन मिश्र जी को प्रथम दीक्षान्त के लिए बुलाकर दीक्षाग्रहण करवाया । यह बहुत ही अच्छा श्रीगणेश था ।

मित्रों !

दीक्षा के पहले शिक्षा की जरूरत है । क्या कभी ऐसे कोई संस्कृतिक सम्बन्ध बन सकते हैं कि हम और आप एक साथ बैठकर के शिलालेखों का अध्ययन करें ? क्या कभी ऐसा हो सकता है कि इन शिलालेखों की जो अनूठी काव्य शैली है, उस काव्य शैली पर साहित्य के दो विद्वान् बैठें और एक उसके साथ चमत्कार उत्पन्न करने वाला पाश्चात्य समालोचना का भी आदमी बैठे और यह देखे कि काव्य की यह यात्रा, जिसको दास गुप्ता ने अपने "History of Sanskritik Literature" में अरनेक पोइट्री की बात की, सचमुच उस प्रकार है या नहीं । क्या कोई जब लिखता है तो वह एक अलङ्कृत शैली को ही अपनाता है या अपने लेखन के माध्यम से ही एक सुनिश्चित रासता भी दिखाता है और सम्बन्धों के बीच की उल्झनों से मुक्ति दिलाता है ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लेकिन इस मुक्ति के आन्दोलन में हम सम्भवतः किसी एक आश्रय से वञ्चित हो गए। राजा के सम्बन्ध में प्रकृतिरञ्जन की जो बात थी वो प्रकृतिरञ्जन की बात कहीं तिरोहित हो गई। ऐसा लगता है "दिवस का अवसान समीप था, गगन था कुछ लोहित हो चला, तरुशिखा पर थी तब राजती कमलिनी कुलबल्लभ की प्रभा" प्रजाको बल्लभ के रूप में मानने वाला वो राजा, जो "महती देवता ह्येषा नररूपेण तिष्ठति" जो देवता था वह लेवता हो गया। यह जो अवधारणा विकसित हुई, वहां मैं संस्कृत की बहुत बडी भूमिका को मानता हूं। और संस्कृत का जब आप नाम ले रहे हैं तो आपको चतुर्दश विद्याओं को गिनकर के चलना पडेगा। आज चौदह विद्याओं से भी आगे ज्यादा विद्याएं बढ गई। आप यदि मैथिलीशरण गुप्त का "भारत भारती" पढें तो एक चमत्कृत करने वाली शैली में उन्होंने हमारी विद्याओं के बारे में लिखा, हमारी क्या क्या विद्याएं थी। नक्षत्र- विद्या, भूतविद्या और नजाने कितनी विद्याओं का उन्होंने उद्धरण दे डाला। आज वो सारी परम्पराएं यदि लुप्त हो रही हैं तो अकेले संस्कृत का यदि गुणगान करते रहे तो आगे आने वाली पीढी यह समझ ही न पाएगी कि संस्कृत का आयाम और उस आयाम को स्पर्श करने के लिए कितना बडा बौद्धिक व्यायाम करना चाहिए। इसलिए आइए इस संगोष्ठी में एक सङ्कल्प करें कि हमारी जो प्राचीन विद्याएं लुप्त हो रही हैं, उन्हें खोज निकालें।

आज जियमलाजी की बात यदि हम करते हैं, मणिमाणिक्य की बात हम करते हैं, किसी भी विश्वविद्यालय में स्टोन की बात नहीं की जाती। हैन्ड रिडिङ्ग की बात की जा रही है, पाम रिडिङ्ग की बात की जा रही है। पामिष्ट्रि की बात की जा रही है, परन्तु जीवन में जो अनुभव हुआ उस अनुभव में यह लगा हमारे यहां मणि, मन्त्र और औषधि तीनों विद्याएं थी जो आज कैसे प्राप्त किया जा सकता है ? मैं आज आपसे निवेदन करूंगा जब संस्कृत और इण्डो नेपाल रिलेशन पर हम आप चर्चा कर रहे हैं इस बातको भी देखना पडेगा कि हमारे यहां का वह शास्त्र कौन सा था ? मेरे गुरुजी सुनाया करते थे। भरद्वाज के आश्रम में सेना आई और आश्रम में उस समय कुछ भी नहीं था। केवल एक हाथ में सङ्कल्प लेकर के सारी सेनाओं को यदि भरद्वाज ऋषि भोजन करा सकत हैं तो वह विद्या बहुत बडी थी, वह साधना हमारी कहां गई ? उस साधना को प्राप्त करने के लिए हमें उन समस्त योगदर्शन की चीजों में जाना पडेगा, जिसे आपने और हमने विभूति के नाम से जाना है जिसे हमने समाधि के नाम से जाना है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र के षाड्गुण्य को यदि अपनाया गया होता तो आज हमारे वैदेशिक सम्बन्ध में किसी प्रकार के अवरोध या प्रश्न चिह्न ही नहीं रह पाते। मैं यहां Geo-politics (भूराजनीति) को लेकर के बोलने के लिए खडा नही हूं। मैं तो यहां उस अनासक्ति योग का समर्थक होकर खडा हूं, जिस संस्कृत ने हमें बहुत दिनों तक धैर्यपूर्वक बचाया है, धैर्यपूर्वक संभाला है। जहाँ हमने प्रासाद में रहने की इच्छा प्रकट नहीं की थी, हमने कुटिया में रहकर के शासन चलवाया है। इस प्रकार का कौटिल्य पैदा होकर यदि चन्द्रगुप्त को पैदा कर सकता है तो आज भारत वर्ष में और नेपाल में उस तरह के सिद्धमुनियों की आवश्यकता है, जो सारे चकित, भ्रमित और दिग्भ्रान्त शासकों के चिन्तन के आयाम को बदल सकें, उनके चिन्तन की धारा को बदल सकें। और उस धाराव को बदलने में यदि संस्कृत में शक्ति है तो हमें विचार करना पडेगा कि वह हमारी संस्कृत की विद्या कहां कहां पर स्थित है, कहां कहां उसकी अवस्थिति है। वह कौन सी ऐसी बिन्दु है जिसको हम छू लें। कम्प्यूटर देवता के रूप में पैदा हो गया। उसका कुछ दिनों में सम्भव है एक मन्त्र भी बन जाये, बनने दीजिए। हमें इस बात को देखना है कि आज पाणिनि की अष्टाध्यायी को अमेरिका में जिस तरह से पढाया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जा रहा है भारत में और नेपाल में क्यों नहीं पढाया जा रहा है ?

मैं अपने कुलाधिपति के समक्ष कहना चाहता हूं कि आज हम जिस Observatory को लेकर चल रहे हैं, हमारे तन्त्र मन्त्र में कितनी शक्तियां थी, आज वह विद्या कहां लुप्त हो गई ? उससे पूर्व की नक्षत्रों के, तारामण्डलों के निरीक्षण, अवलोकन की जो हमारी परम्परा में विद्या थी, उस परम्परा के विद्वानों में थी, और उन विद्वानों ने आगे आने वाली पीढि को यह दिया, आज वह विद्या कहां लुप्त हो गई । वेदों के शब्द उच्चारण की परिपाटी कहां खो गई ? हमारे काञ्ची कामकोटिपीठाधीश्वर जी ने बताया कि उनके यहां एक ऐसा नगर है, जहां किसी से भी राजकीय सहायता लिए विना वेद की परम्परा की सुरक्षा की जा रही है । वह दिन कब आएगा, जब हम राज्याश्रय से मुक्त होकर आत्माश्रय में पडेंगे ? हमने अपने आत्मा और अनात्मा में कोई भेद ही नहीं रखा और अनात्मतत्व को पूजने में हम लग गए । इसीलिए कभी-कभी लगता है कि हम छोटी वस्तु के मोह में पडकर बहुमूल्य वस्तु को खोते चले जा रहे हैं । रघुवंश में दिलीप, नन्दिनी और सिंह का बडा विलक्षण सम्वाद है । सिंह नन्दिनी को छोडना नहीं चाहता है, दिलीप नन्दिनी को बचाना चाहते हैं । उस समय सिंह लगता है कलियुग बनकर के कहता है "अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन् विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम्" कहीं ऐसा तो नहीं हो गया मित्रों ! कि हम नेपाल और भारत अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन् ?

इस संगोष्ठी में कुछ क्रान्तिकारी बात होनी चाहिए., कुछ प्रस्ताव आना चाहिए । मैं प्रपञ्च में नहीं पडना चाहता । मेरा विषय था Sanskrit sources of Political instituition of Nepal. मैंने केवल एक सङ्केत दिया कि हमें अपनी इस विद्या के विविध आयाम को समझना है । आज अर्थशास्त्र गणित बन गया है, अर्थशास्त्र-गणित बन गया है । और सबने अपने पाठ्यक्रम को बदल दिया । विचारधाराएँ परिवर्तन ले रही हैं। मध्यधारा में बहने की जो हमारी आदत है यह बढी गडबड धारा है । मज्झिम निकाय को छोडिये, हीनयान को छोडिये, महायान पर चलें । यदि बुद्धदर्शन के अनुयायी कोई हों तो मुझे क्षमा करेंगे । मेरा आशय केवल अभिधार्थ नहीं है यद्यपि मीमांसक अभिधावादी ही होता है । फिर भी "तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्" हमें उससे मुक्ति पानी होगी हमें नव्यन्याय पढना है तो हमें अपने विद्यार्थियों को प्रतीकवाद पढाना पडेगा । हमें अपने विद्यार्थियों को मेटाफिजिक्स (Metaphysics) पढाना पडेगा । ध्वनिसिद्धान्त, ध्वनिविज्ञान आदि इस युगकी सभी विद्याओं के लिए तैयार करना पडेगा । मैं इस समय अपने पूज्यपाद आचार्य जी को स्मरण करना चाहता हूं. जो सर राधाकृष्णन् के बाद केवल दूसरे एशिया के व्यक्ति हुए ।

दिवङ्गत प्रो. वी. के मतिलाल जी Mathmatics में बहुत अच्छे थे । मेरे गुरु जी ने, श्रद्धेय पट्टाभिराम शास्त्री जी ने उन्हें Identify किया और उन्होंने कहा कि देखो मतिलाल तुमके एखेन थात्के होवेन (तुम यहां मत रहो) मैं तुमको हार्वर्ड भेजता हूं । वहां जाकर के अपने Mathmatics के ज्ञान को बढाओ । आज प्रोफेसर मतिलाल जी का जिस श्रद्धा से नाम लिया जाता है उसके पीछे नव्य न्याय जरुर था परन्तु गणित के ज्ञान को लेकर के वह आगे बढे । मैं जानता हूं कि जिस विद्यापीठ की सेवा मैं आज कर रहा हूं, श्रद्धेय हमारे अग्रज ने ऐसे विद्वानों को वहां पर रखा, है कि यदि मुझे पांच वर्ष का मौका और मिले और Mathmatics, Astronomy और Astro-physics को वो पढ सकें तो मैं यह बात विश्वासपूर्वक कहता हूं कि जो उनका व्यक्तिगत सामर्थ्य और वैदुष्य है, वो भारत नहीं अन्तर्राष्ट्रिय ख्यातिप्राप्त विद्वान् बन सकते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हमने संस्कृत से प्रेम किया । हमने अंग्रेजीयत प्रेम की ।.....मुझे न पूर्व पदपर न उत्तर पद पर मेरे लिए तो एक अखण्ड शक्ति है, एक अखण्ड ज्योति है । और प्रभु करे "**ज्योतिषाञ्ज्योतिरेकं तन्मेमनः शिवसङ्कल्पमस्तु**" ये दोनों देश शिव सङ्कल्प के साथ आगे बढें । परन्तु तान्त्रिक साधना में शब की साधना भी एक बहुत बढी साधना मानी गई है । मैं आचार्य हजारीप्रसार द्विवेदी जी के एक निबन्ध को पढ रहा था । अग्रज ! उस निबन्ध में उन्होंने कहा कि हमारे यहां तान्त्रिक साधना में शव की साधना क्यों ली गई ? मैं महुत दिनों तक चक्कर में रहा । आचार्य द्विवेदी जी के उस निबन्ध ने मेरी आंख को खोला । उन्होंने लिखा है कि शव की साधना जब की जाती है, साधना करते करते शव का उलटा मुंह सीधा हो जाता है । अर्थात् प्राचीन जो कुछ मेरा है, इतिहास, जो कुछ मेरा ऐतिह्य है, जो कुछ मेरी श्रुति और स्मृति है, जो पुराण है वो आज सब नया होकर के मुझे आशीर्वाद प्रदान करेगा । इसीलिए शव की साधना शिव तक ले जाती है ।

मुझे मेरे पूज्य पितामह याद आ रहे हैं । उन्होंने मरते समय सबसे कहा कि जहां तुमें कोई मुकद्दमे का संकट आए तो वहीं, उसी जगह, जहां मुझे दाह किया है, आकर खडे हो जाना, मैं समाधान दे दूंगा । मैं आज नेपाल और भारत के अपने मित्रों से कहना चाहता हूं कि प्राचीन को हमें छोडना नहीं है, वहां हम साधना करेंगे । वही प्राचीन हमारी वर्तमान की संघर्ष की चुनौतियों को समाधान देगा । इन्हीं आशाभरे शब्दों के साथ मैं आप सबके लिए शुभकामना करता हूं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नेपाल–भारत सम्बन्धों की ऐतिहासिकता

डा. युगलकिशोर मिश्र*

एकैश्वर्ये स्थितोऽपि प्रणतबहुफले यः स्वयं कृत्तिवासा :
कान्तासम्मिश्रदेहोऽप्यविषयमनसां यः परस्ताद्यतीनाम् ।
अष्टाभिर्यस्य कृत्स्नं जगदपि तनुभिर्बिभ्रतो नाभिमानः
सन्मार्गालोकनाय व्यपनयतु स वस्तामसीं वृत्तिमीशः ।।
अनुकृतमरकतवर्णा शोभनकर्णा शिरीषकुसुमेन ।
नखमुखमुखरितवीणा मध्ये क्षीणा शिवा शिवं कुर्यात् ।।

परम सम्मान्य, कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति, आचार्य वेङ्कटाचलम् जी,

जैसा कि आज का विषय है "संस्कृत का भारत नेपाल सम्बन्धों में योगदान", उसके एक प्रतिनिधि के रूप में हमारे श्री हृषीकेश शाह जी, जिनका सम्बन्ध नेपाल, संस्कृत एवं पूर्व छात्रजीवन के समय में भारत से भी रहा, तो मैं समझता हूं कि उनकी इस मञ्च में उपस्थिति विशेष सार्थकता द्योतित करती है, ऐसे श्री हृषीकेश शाह जी और महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय के आचार्य, विद्वद्वरेण्य, उपस्थित सभी विद्वज्जन, देवियों एवं सज्जनों ।

भारत की स्वतन्त्रता की स्वर्णजयन्ती पर आयोजित इस संगोष्ठी में मुझे भाग लेकर बडा हर्ष है । मैं महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलपति एवं इस विश्वविद्यालय के पूरे परिवार के साथ-साथ भारतीय राजदूतावास के महामहिम राजदूत जी, अखिलेश मिश्र जी एवं पूरे राजदूतावास परिवार का आभारी हूं कि यह अवसर हमें प्रदान किया । वस्तुतः, इस अवसर पर आकर हमें स्मरण हो रहा है कि हम अपने ही घर में उपस्थित हैं । मेरा आज का विषय 'भारत नेपाल सम्बन्धों की ऐतिहासिकता' है । मेरा विषय वेद है और मैं यदि वेद से इसके बारे में देखता हूं तो यद्यपि आज की जो राजनीतिक रेखाएं हैं, मनुष्यकृत सीमाएं हैं उनसे वेद बहुत पुराना है, सृष्टिकालीन है । उस समय ऐसी सीमाएं तो नहीं थीं, इसलिए उस रूप में तो नहीं किन्तु सूक्ष्मता से अवलोकन करने पर वेद में भी ऐसे महत्त्वपूर्ण सङ्केत प्राप्त हैं, जिनसे भारत नेपाल तादात्म्य की अभिव्यक्ति होती है ।

एक छोटा सा प्रसङ्ग है । वेद जब है तो यज्ञ की बात आएगी ही । कृणाजिन के लिए शुक्लयजुर्वेद

* सदस्य सचिव, महर्षि सन्दीपनी वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन, भारत ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माध्यन्दिनीय संहिता के द्वितीय अध्याय का प्रथम मन्त्र है **"कृष्णोऽसि आखरेष्ठः"** इस मन्त्र से यज्ञ में कृष्णाजिन का ग्रहण किया जाता है । इस मन्त्र के प्रसङ्ग में व्याख्याकारों ने एक कथा का उल्लेख किया । कथा इस प्रकार है– एक बार यज्ञ करने का विचार देवताओं ने किया । यज्ञ के लिए अग्नि तो अनिवार्य है क्योंकि अग्नि दूत है । अग्नि देवताओं के यज्ञ से पूर्व ही कृष्ण मृग के रूप में छिपकर यहां हिमालय में आ गया । अब यज्ञ के लिए देवगण अग्नि को खोज रहे हैं । अग्नि कहां चला गया ? इस प्रकार खोजते खोजते वे लोग यहां नेपाल की उपत्यका में आए और उन्होंने उस कृष्णसार मृग के रूप में विद्यमान अग्नि को पहचाना । उसके बाद उन्होंने उससे निवेदन किया कि अग्निदेव ! हम यज्ञ करने जा रहे हैं और आप के बिना यज्ञ की सिद्धि नहीं है । इसलिए आप अनुग्रहपूर्वक हमारे साथ चलें और हमारा यज्ञ सम्पन्न करें । उनकी प्रार्थना स्वीकार करके अग्नि वहां पर आए और यज्ञ शुरु हुआ । इसलिए यज्ञ में कृष्णाजिन का ग्रहण किया जाता है । और कृष्णाजिन के ग्रहण के समय कहा जाता है **"अग्नयेत्वा जुष्टं गृह्णामि"** अग्नि की प्रीति के लिए हे कृष्णाजिन ! मैं तुम्हें ग्रहण करता हूं । यह आख्यायिका तो बहुत छोटी है लेकिन इसमें सन्निहित मर्म यह है कि कृष्णसार के रूप में नेपाल के हिमालय में विद्यमान अग्नि की प्रीति के प्रयत्न के विना यज्ञ का साफल्य नहीं है । नेपाल से तादात्म्य किए बिना यज्ञकर्ता का हित नहीं है । इसलिए यह जो सङ्केत हैं भारत नेपाल सम्बन्ध के, यह आज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं ।

दूसरी बात, पृथ्वीसूक्त में हिमवान् का, हिमालय का वर्णन है **"यस्येमे हिमवन्तो महित्वा"** इसके साथ एक और मन्त्र में कहा **"नानावीर्या ओषधिर्या बिभर्ति सा नो भूमिः पृथतां साध्यतां नः"** वैदिक ऋषि उस भूमि की बन्दना करता है, जो भूमि अनेक वीर्यवती औषधों को धारण करती है । और अनेक प्रकार की वीर्यवती औषधियां हिमालय के अतिरिक्त और कहां उपलब्ध होंगी ? इसलिए वेद में भी पृथ्वीसूक्त में नाना वीर्यवाली औषधियों के धारक के रूप में इस देश की (नेपाल की) वन्दना की गई है । अब इसके अतिरिक्त जब हम ऐतिहासिक दृष्टि डालते हैं तो यद्यपि नेपाल की उपत्यका किसी भारतीय अधीनता में विरलतया ही रही है लेकिन सहस्राब्दियों से यह भूमि भारतीय संस्कृति की अभिन्न अङ्ग बनी हुई है । पौराणिक सन्दर्भों को देखें तो यह विदित होता है कि नेपाल का अस्तित्व सत्ययुग से वर्तमान है । और यह जो नेपाल घाटी है, वर्तमान में जो इसका स्वरूप है यह पौराणिक दृष्टि से देखने पर विशाल झील या सरोवर के रूप में था । और स्वयम्भू पुराण के अनुसार इस सरोवर का नाम नागवास या नागह्रद था । और भगवान् विष्णु ने इस नागह्रद की दक्षिणी पर्वतशृङ्खलाओं को काटकर उस सरोवर के पानी को प्रसृत किया और यह भविष्यवाणी भी की कि अनेक तीर्थों के रूप में प्रसिद्ध होकर यह भूमि देवभूमि के रूप में परिणत होगी । आज यह जो नेपाल है, जो काष्ठमण्डप है, उसी नागह्रद के रूप में विद्यमान है ।

एक और महत्वपूर्ण ग्रन्थ है नेपाल वंशावली । इस ग्रन्थ में नेपाल भारत के सम्बन्धों की चर्चाएं करते हुए कहा गया कि त्रेतायुग में इस नेपाल भूमि में राजा सुधन्वा का शासन था, जो सीतास्वयम्बर में भाग लेने के लिए जनकपुर गए थे ।

द्वापर युग में जब हम आते हैं, वाणासुर की कथा आती है । और वाणासुर का पीछा करते हुए भगवान् श्रीकृष्ण नेपाल की इस उपत्यका में आए थे । काठमाण्डू से ८ मील पश्चिम की ओर जो पुराना पानकोट नगर था, जो अब नहीं है, भागवत आदि पुराणों में ऐतिहासिकों ने यह खोज की है कि यही वाणासुर की राजधानी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शोणितपुर थी । भगवान् कृष्ण वाणासुर का पीछा करते हुए जब यहां आए उसके बाद वाणासुर की सुन्दरी कन्या उषा के साथ भगवान् श्रीकृष्ण के प्रपौत्र अनिरुद्ध का विवाह हुआ । यह अनेक पौराणिक आख्यान प्रस्तुत करते हैं । भगवान् कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न ने नेपाल की उपत्यका के विष्णुमती और वागमती के तट पर प्रद्युम्नेश्वर भगवान् की स्थापना की, जो सम्भवतः जनजीवन में इस रूप में जाना जाता है ।

द्वापर युग में ही नेपाल व भारत के सम्बन्धों के लिए अतीव प्रसिद्ध नगरी वाराणसी से कङ्कमुनि, जिनका काश्यक वृद्ध नाम था, गुह्येश्वरी के स्थान पर उन्होंने तपस्या की और पुनः वे यहां से गौड देश अर्थात् बङ्गाल चले गए । यह भी पौराणिक सन्दर्भों में आता है ।

महाभारतकाल में जब हम आते हैं तो उस के कतिपय सन्दर्भों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों के सम्बन्ध अत्यन्त सहज थे । महाभारत के वनपर्व में द्रौपदी के लिए कमल पुष्प की खोज में भीमसेन ने पूरे हिमालय के उपत्यका की यात्रा की थी । और उस समय में इस नेपाल क्षेत्र में भी कई दिनों तक रहे थे। काठमाण्डू से ६० मील पूर्व दोलखा नामक स्थान है, जहां पर एक भीमसेन का मन्दिर स्थापित है, जो कि भीमसेन की उसी नेपालयात्रा का स्मृतिचिह्न है । नेपाल की उपत्यका में भीमसेन के अनेक मन्दिर आज भी सुरक्षित हैं । और यह महत्वपूर्ण एवं विचारणीय बात है कि नेपाल में आज भी भीमसेन की पूजा की जाती है। विद्वानों का अभिमत है कि पाण्डुपुत्र भीम द्वारा शत्रुओं, आततायियों से रक्षा करने के कारण नेपाल में प्राचीनकाल से ही इनको आराध्यदेव माना गया ।

नेपाल भारत प्राचीन सम्बन्धों के अन्य प्रमाण भी हैं । नेपाल की उत्तरी पर्वतमालाओं में एक पर्वत का नाम महाभारत है । इसके महाभारत नाम के सन्दर्भ में मैंने विचार किया कि इस उपत्यका की उत्तरी पर्वतमालाओं का नाम महाभारत क्यों रखा गया । बाद में मुझे महाभारत में एक आख्यान मिला । मैं निवेदन करना चाहूंगा। हालांकि महाभारत का युद्ध नेपाल की इन पर्वतशृङ्खलाओं में नहीं हुआ, वह तो समतल मैदान में हुआ लेकिन एक घटना आती है । जब महाभारत के युद्ध के लिए दोनों सेनाएं आमने सामने खडी थीं उस समय भगवान् श्रीकृष्ण ने एक लीला की । उन्होंने कहा कि इस युद्ध में जो सबसे बडा वीर है, मैं उसे देखना चाहता हूं, युद्ध के पहले ही । और उसके लिए उन्होंने एक शर्त रखी । कैसे निश्चय हो कि यह सबसे बडा वीर है । उन्होंने कहा कि इस बडे शाल वृक्ष के सभी पत्तों को एक साथ जो वीर वेध देगा मैं समझूंगा कि वही सबसे उत्तम वीर है। और यह कहते हुए उन्होंने बडे ही लीलापूर्वक उस वृक्ष का एक पत्ता अपने पैर के नीचे दबा लिया ताकि कोई देखे ना । अब किसी वीर में ऐसी शक्ति नहीं थी जो कि एक ही वाण से सभी पत्तों का लक्ष्यभेदन कर दे । लेकिन एक वीर सामने आया । और उसका नाम था वर्वरी । उस वीर ने इसी सिद्ध क्षेत्र में देवी की तपस्या की थी और तपस्या करने के बाद अनन्त शक्ति प्राप्त कर के वह भी महाभारत में लडने के लिए गया था । वह जब सामने आया तो उसने कहा कि मैं कर सकता हूं । और उसके तरकस में केवल तीन वाण थे । लोगों ने कहा कि तुम इतने बडे महाभारत में लडने आए हो और तुम्हारे तरकस में केवल तीन ही वाण हैं । तुम क्या करोगे ? इतने बडे महाभारत में तीन वाण से तो कुछ होगा नहीं । उसने कहा कि मेरे लिए तो दो ही वाण पर्याप्त हैं, एक तो मेरा वैसे के वैसे रह जाएगा । एक वाण से मैं सबका मर्म निश्चित कर दूंगा । किस वीर की किस मर्मस्थल से मृत्यु निश्चित है यह मेरा एक वाण निर्धारित कर देगा और दूसरे वाण से तो मैं सारे वीरों को स्वर्गति पहुँचा दूंगा। तो उन्होंने कहा कि ठीक है यही प्रयोग करो इस वृक्ष के ऊपर । और उसने उस वृक्ष पर प्रयोग किया । प्रयोग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करने के बाद सारे पत्ते विध गए। भगवान् ने लीलापूर्वक उस पैर के नीचे वाले पत्ते को देखा तो वह भी विधा हुआ था। तब उन्होंने सोचा कि यह सर्वोत्तम वीर है और अगर यह वीर अेकेले ही रह गया तो महाभारत की आवश्यकता ही नहीं है। इसलिए तब श्रीकृष्ण ने कहा तुम सबसे बडे वीर हो और इसलिए महाभारत जैसे युद्ध के लिए रणचण्डी के वलिदान के लिए तुम्हारी आवश्यकता है। इसलिए मैं तुम्हारा शीष मांगता हूं। लेकिन उस वीर ने कहा कि आप शीष जो मांगते हैं, मैं वीर हूं, जो मुझसे मागेगा वह तो मैं दूंगा ही। मांगने वाले को मैं निराश नहीं कर सकता। लेकिन मेरी एक बहुत बडी अभिलाषा थी। मैंने शक्ति की आराधना नेपाल की हिमालय की उपत्यका में की थी। और अभिलाषा यह थी कि मैं भी महाभारत युद्ध में अपनी वीरता दिखाऊं। वह इच्छा मेरी पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि तुम शीष दान देने के बाद अमरत्व प्राप्त कर लोगे। और अमरत्व प्राप्त करने के बाद तो महाभारत तुम पूरा का पूरा भोग पाओगे न? फिर तुम्हारे युद्ध की अभिलाषा कैसे अपूर्ण रह सकती है? इसके बाद उस वीर, शक्ति का तपस्वी, वर्बरी ने कहा कि ठीक है। उसके बाद युद्धोपरान्त भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा कि किसी से पूछो सबसे बडा वीर कौन था? तब पाण्डवों ने जब उनसे पूछा तब भगवान् कृष्ण ने कहा कि मैं तो सब देख रहा था। इस में तो एक ही की लीला थी। और उसीके द्वारा यह सारा महाभारत था, न तुम्हारा गाण्डीव था न भीमसेन की गदा थी।

खैर, यह तो भगवान् श्रीकृष्ण की लीला थी। किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर इस प्रकार यह जो महाभारत उपत्यका इसका नाम है, मैं यह समझता हूं कि यह महाभारत की उसी घटना से जुडी हुई है। और इसलिए यह महत्वपूर्ण एक साक्ष्य है।

इसके बाद पाण्डवों का जो द्वैत वन का वनवास बताया गया वह भी द्वैत वन के समय के अन्वेषक इतिहासकारों का मत है कि यह वही हिमालय से जुडा द्वैत वन है, जहां पाण्डवों ने अपना समय बिताया। पाशुपत अस्त्रों की प्राप्ति के लिए अर्जुन और किरातवेशधारी शङ्कर में जो भयङ्कर युद्ध हुआ था वह इसी भूमि पर था। इतिहासकारों ने ऐसा निश्चय किया है कि गढवाल और नेपाल की जो उपत्यका है, जो शृङ्खला है, इसी बीच किरातवेशधारी शिव और अर्जुन में युद्ध हुआ।

एशिया के दूसरे देशों की भांति नेपाल से भारत में सम्बन्धों की सजीव और सुदृढ परम्परा बौद्ध धर्म के प्रवेश के बाद फिर बनती है। स्वयम्भूपुराण और स्कन्धपुराण में नेपाल के माहात्म्य और लोकसूक्तियों से यह ज्ञात होता है कि भगवान् बुद्ध अपने अनेक शिष्यों के साथ नेपाल आए। नेपाल में सर्वप्रथम प्रवेश करने वाली जातियों में किरातों का नाम उल्लेखनीय है। कहा जाता है कि उन्हीं के समय बुद्ध भगवान् नेपाल आए थे। और उस समय किरात राजाओं का सप्तम किरात राजा जितेदास्ति का राज्य यहां पर था। और भगवान् बुद्ध के प्रवचनों, उपदेशों को सुनकर स्वयं तो उसने बौद्धधर्म ग्रहण किया ही और सारी किराती जाति प्रायशः बौद्धधर्मानुयायी बनी।

नेपाल के सम्बन्धों की और परम्परा सम्राट् अशोक से प्रारम्भ होती है। अशोक ने बुद्धपरिनिर्वाण के २२६ वर्ष बाद पाटलिपुत्र में तृतीय बौद्धसंगीति का आयोजन किया। इस संगीति का वर्णन बौद्धग्रन्थ दीपवंश, महावंश और सामन्तप्रासादिका में मिलते हैं। अन्य अनेक बातों के अतिरिक्त इस संगीति में यह भी निश्चय हुआ था कि भारत और द्वीपान्तरों में प्रचारार्थ भिक्षुओं को भेजा जाय। और हिमालय के पांच प्रदेशों में पांच बौद्ध स्थविरों को भेजा गया, जिनका नाम था स्थविर मच्चिम, स्थविर काश्यप, स्थविर अलकदेव, स्थविर दुन्दुभिस्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और स्थविर महादेव । सांची और सोनारी के स्तम्भों से प्राप्त अभिलेखों से उन धर्म प्रचारकों के महान् कार्यों की पुष्टि होती है । जिस हिमवन्त प्रदेश में इन पांच स्थविरों को भेजा गया उसका अगर हम प्रामाणिक स्वरूप देखना चाहें तो बौद्धग्रन्थों में जो पांच हिमालय खण्ड वर्णित हैं उन्हीं में ये पांच स्थविर गए थे । इसका उल्लेख पुराणों में भी है "**खण्डाः पञ्च हिमालयस्य कथिता नेपालकूर्माञ्चलौ, केदारोऽथ जलन्धरोऽपि रुधिरः काश्मीर-सञ्ज्ञोऽन्तिमः**" । ये सम्राट् अशोक द्वारा भेजे गए बौद्ध धर्मप्रचारक स्थविर पहले नेपाल आए बाद में मानसरोवर और तिब्बत के मार्ग से होते हुए चीन गए और वहां भगवान् तथागत की लोकहितकारिणी वाणी का उन्होंने प्रचार किया । प्राचीन भारतीय ग्रन्थ कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी, जो कि ईसा पूर्व की अन्तिम शताब्दी की रचना मानी जाती है, नेपाल शब्द का प्रयोग आया है । और वहां पर कहा है "**अष्टाप्लोति संघात्या, कृष्णा भिङ्गिसि वर्षवारणम् अपसारकम् इति नैपालकम्**" (कौटिल्य अर्थशास्त्र २/११)

सम्राट् अशोक के बाद गुप्त साम्राज्य की स्थापना हुई । और सम्राट् समुद्र गुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में उल्लिखित वर्णन से यह सिद्ध होता है कि तत्कालीन नेपाल के लिच्छवि राजाओं का गुंप्त सम्राटों से अच्छा सम्बन्ध था तथा वे एक दूसरे को उपहार भी प्रदान करते थे । प्रशस्ति का अंश है– "**समतटडवाक कामरूप नेपाल कर्तृपुरादि प्रत्यन्तनृपतिभिः** (प्रत्यन्त शब्द सीमान्त प्रदेश का वाचक है) **मालवार्जुनायन यौधेयमद्र-काभीरप्रार्जुन-सनकानीक-काक खरपरिकादिभिश्च सर्वकरदानाज्ञाकरण ......**" इस प्रकार सम्राट् समुद्र गुप्त के समय लिच्छवि राजाओं का यहां पर शासन था और उन राजाओं का समुद्र गुप्त के साथ अच्छा सम्बन्ध था । एक यह भी महत्वपूर्ण बात है कि चन्द्रगुप्त प्रथम के पुत्र समुद्र गुप्त को लिच्छविदौहित्र कहा जाता है । और समुद्रगुप्त की प्रयागप्रशस्ति में अभिलेख का उद्धरण है– "**महाराजस्य गुप्तप्रपौत्रस्य, महाराजस्य घटोत्कचपौत्रस्य महाराजाधिराजचन्द्रगुप्तपुत्रस्य लिच्छविदौहित्रस्य महादेव्या कुमारेदव्याम् उत्पन्नस्य महाराजाधिराजस्य समुद्रगुप्तस्य**" ।

ईसा की चौथी शताब्दी में वृषदेव ने नेपाल में शासन किया । वृषदेव के कई पुत्र थे । उनमें एक पुत्र का नाम शङ्करदेव था । यह कहा जाता है कि यह नाम इसलिए दिया गया क्योंकि उसके जन्म के समय भगवान् आद्य शङ्कराचार्य ने नेपाल की यात्रा की थी और उनकी नेपाल यात्रा को स्मृति में रखने के लिए उस राजा ने अपने नवजात शिशु का नाम शङ्करदेव रखा । इसके अतिरिक्त धर्मदेव राजा हुए, जिन्होंने स्वयम्भुनाथ के मन्दिर का स्थापन किया । इनकी पत्नी का नाम राज्यवती था, जिसका वर्णन मानदेव के चांगुनारायण अभिलेख में हैं– "**पत्नी तस्य विशुद्धवंशविभवा श्रीराजवत्युत्तमा, प्राणानामभवत्प्रियाकुलगुणैर्लक्ष्मीरिवाग्र्या हरेः ।**" इसी के गर्भ से सुप्रसिद्ध नरेश मानदेव का जन्म हुआ । मानदेव का उल्लेख चांगुनारायण मन्दिर के अभिलेख में हुआ है, जिसका राज्यारोहण ४६० ईसवीय के आस पास हुआ । इसने अपने पिता के यश को बढाते हुए पूर्व दिशा में शत्रुओं के दमनहेतु विजय अभियान किया, जिसका कि संस्कृत अभिलेखों में इस प्रकार वर्णन है–

'यूपैश्चारुभिरुच्छ्रितैर्वसुमती पित्रा ममालंकृता
क्षात्रेणाजिमखाश्रयेण विधिना दीक्षाश्रितोऽहं स्थितः ।
यात्रां प्रत्यरिसंक्षयाय तरसा गच्छामि पूर्वां दिशम्
ये चाज्ञावशवर्तिनो मम नृपाः संस्थापयिष्यामि तान् ।"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मानदेव ने अपने मातुल के साथ मल्लपुरी को भी जीतने का अभियान किया था। यह भी चांगुनारायण मन्दिर के अभिलेख में संस्कृत के माध्यम से उट्टङ्कित है–

अद्यैव प्रियमातुलोरुविषमक्षोभार्णवस्पर्द्धिनीम्
भीमावर्ततरङ्गचञ्चलजलां तां गण्डकीमुत्तर ।
सन्नद्धैर्वरवाजिकुञ्जरशतैरन्वेमि तीर्त्वा नदीम्
त्वत्सेनामिति निश्चयान्नरपतिस्तीर्णप्रतिज्ञस्तदा ।।

नेपाल के साथ भारत के तत्कालीन राजाओं ने बाहिक सम्बन्ध भी स्थापित किए और दोनों देशों के आत्मीय सम्बन्धों को और अधिक सुदृढ किया। माता जानकी की जन्मभूमि जनकपुरी नेपाल के अन्तर्गत थी। सम्राट् अशोक ने अपनी पुत्री का सम्बन्ध स्थापित करके और सम्राट् चन्द्रगुप्त प्रथम ने कुमारी देवी से पाणिग्रहण करके दोनों देशों के अतीतकालीन सम्बन्धों की परम्परा को आगे बढाया। चारुमती का विवाह नेपाल में हुआ। और ये जो दूसरे सम्राट् चन्द्रगुप्त प्रथम हैं, इनकी जो महिषी थी, कुमारी देवी, वह नेपाल की थी, जिसका चन्द्रगुप्त से विवाह हुआ। यही कारण है कि नेपाल में गुप्तकालीन इतिहास की विपुल सामग्री प्राप्त होती है। और नेपाल में लिच्छवि राज्यकाल के उपलब्ध अभिलेखों, पुरातात्त्विक एवं सांस्कृतिक वस्तुओं, स्मारकों और हस्तलेखों में अङ्कित गुप्तसंवत् का प्रयोग नेपाल के साथ गुप्तकालीन सम्बन्ध की दृढता का परिचायक है। उस समय के जो अभिलेख हैं, और जो उस समय की मुद्राएं हैं उनमें गुप्तसंवत् का यहां पर उल्लेख है क्योंकि यह लिच्छवीदौहित्र था। और इसके बाद विवाह हुआ। इसलिए नेपाल और भारत के राजाओं का बडा ही पारस्परिक सम्बन्ध था।

लिच्छवि राजाओं के ब्राह्मी लिपियों में लिखे गए संस्कृत भाषा के अभिलेख और उनके ऊपर अङ्कित भारतीय सम्वत्, मास, तिथि आदि का प्रयोग नेपाल के लिच्छवि राजाओं के भारतप्रेम का भी परिचय देते हैं। दोनों परस्पर था। उधर गुप्त वंश के संवत् आदि का उल्लेख यहां और लिच्छवि राजाओं की मुद्राओं में भारतीय सम्वत्सर का उल्लेख। इस प्रकार था दोनों देशों के सम्बन्धदृढता का आधार।

भारतीय बौद्धधर्म और साहित्य का नयां सन्देश लेकर आचार्य वसुबन्धु नेपाल आए। आचार्य वसुबन्धु अपने युग के सर्वोच्च बौद्धविचारक थे। नेपाल आकर उन्होंने बौद्धधर्म के दार्शनिक पक्ष का प्रतिपादन किया। आज भी नेपाल में आचार्य वसुबन्धु की बहुसंख्य कृतियां मूल और अनूदित रूपों में पुरातत्त्व संग्रहालयों में देखने को मिलती हैं। लिच्छवि राजाओं के समय संस्कृत में लिखे गए अभिलेखों में विक्रमसंवत् का प्रयोग और इसी समय शैवधर्म का व्यापक प्रचार–प्रसार सिद्ध करता है कि दोनों देशों के सम्बन्ध अत्यन्त प्रगाढ थे।

गुप्तों के बाद बृहत् भारत की बागडोर सम्राट् हर्षबर्द्धन के हाथों आयी ६०० ईशवीय शताब्दी में। जिस समय भारत में सम्राट् हर्ष का शासन था उस समय नेपाल पर यशस्वी राजा अंशुवर्मा का शासन था। बाणभट्ट ने अपने हर्षचरित में लिखा है–

''अत्र परमेश्वरेण तुषारशैलभुवो दुर्गाया गृहीतःकरः'' (हर्षचरितम्/३ उच्छ्वासः) इस लेख से यद्यपि यह क्लिष्ट श्लेष है, यह अनुभव लगाया है इतिकासकारों ने कि महाराज हर्ष का नेपाल के साथ अत्यन्त मधुर सम्बन्ध था और श्रीहर्ष के समय नेपाल–भारत सम्बन्धों के घनिष्टतर होने में मदद मिली, कला, संस्कृति, धर्म तथा साहित्य का विकास हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सातवीं-आठवीं शताब्दी में नेपाल के राजा नरेन्द्रदेव के पुत्र राजा शिवदेव ने मगधसम्राट् आदित्य सेन की पौत्री वत्स देवी से और उनके पुत्र राजा जयदेव गुणकाम ने कलिङ्ग के राजा हर्षदेव की पुत्री राज्यमती से विवाह करके दोनों देशों के सम्बन्धों की परम्परा को सुदृढ बनाया। द्वितीय जयदेव के पशुपतिनाथ शिलालेख में यह उल्लेख है। वहां के संस्कृत श्लोक हैं-

देवी बाहुबलाढ्यमौखरिकुलः श्रीवर्मचूडामणि-
ख्यातिह्रेपितवैरिभूपतिगणश्रीभोगवर्मोद्भवा ।
दौहित्री मगधाधिपस्य महतः श्र्यादित्यसेनस्य या
व्यूढा श्रीरिव तेन सा क्षितिभुजा श्रीवत्सदेव्यादरात् ।।

दूसरा श्लोक है-

माद्यद्दन्तिसमूहदन्तमुसलक्षुण्णारिभूभृच्छिरो-
गौडोड्रादिकलिङ्गकोशलपतिश्रीहर्षदेवात्मजा
देवी राज्यवती कुलोचितगुणैर्युक्ता प्रभूता कुलै-
र्येनोढा भगदत्तराजकुलजा लक्ष्मीरिव क्ष्माभुजा ।।

लिच्छवि राज्यवंश के प्रभावशाली और बौद्धधर्मानुयायी राजा जयदेव गुणकाम के समय भारत से बौद्धविद्या के महान् आचार्य श्री शान्तरक्षित नेपाल आए। और यहां उन्होंने बौद्धधर्म का प्रचार किया। कह्लण की राजतरङ्गिणी से ज्ञात होता है कि कश्मीर नरेश ललितादित्य मुक्तापीड का पौत्र जयापीड विनयादित्य नेपाल आया था, परन्तु नेपाल में उसे कठिनाई का सामना करना पडा। यहां के नरेश अरिमुण्डी के द्वारा वह बन्दी बना लिया गया। बाद में अपने मन्त्री की सहायता से वह अरिमुण्डी नरेश को पराजित करने में समर्थ हुआ। राजतरङ्गिणी का श्लोक है-

प्राप्तसैन्यः प्रविश्याथ क्षणेनैव निनाय सः।
तमशेषं सभूपालं नेपालविषयं क्षयम् ।। (राजतरङ्गिणी, ४।५७९)

नेपाल के जनजीवन में और यहां की धार्मिक और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों पर महात्मा मत्स्येन्द्रनाथ और महात्मा गोरक्षनाथ का बडा प्रभाव है। ये दोनों महात्मा भारत वर्ष से सिद्धि प्राप्त करने के लिए नेपाल की हिमालय-उपत्यका में आए थे।

नौवीं, दशवीं शती में बौद्धधर्म के महान् आचार्य कमलशील और आचार्य दीपङ्कर श्रीज्ञान नेपाल आए और यहां से वे तिब्बत गए। और दोनों आचार्यों ने नेपाल में और उसके बाद चीन आदि देशों में बौद्धधर्म का प्रचार किया। बारहवीं शती के लगभग जब भारत पर मुगलों का आक्रमण हुआ और उन्होंने भारतीय विद्याकेन्द्रों, जैसे नालन्दा, तक्षशिला इत्यादि को नष्ट भ्रष्ट किया तब बडे बडे ग्रन्थागारों को उन्होंने जला डाला। और उस समय अधिकतर हिन्दुओं और बौद्धों ने अपने ग्रन्थों को लेकर भारत से आकर नेपाल और तिब्बत में शरण ली। भारत से बहुसंख्यक जनता के गमनागमन के कारण एक ओर दोनों देशों के आपसी सम्बन्धों का विकास हुआ वहीं दूसरी ओर नेपाल भारतीय संस्कृति और साहित्य का प्रमुख केन्द्र बना।

राजा जगज्ज्योतिर्मल्ल के पुत्र राजा यक्ष मल्ल ने दक्षिण भारत से ब्राह्मणों को बुलाकर उन्हें पशुपतिनाथ मन्दिर में प्रवेश करने तथा सेवा-पूजा करने का अधिकार दिया। यह जो पशुपतिनाथ में दक्षिण भारत के अर्चकों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की परम्परा है वह राजा जगज्ज्योति मल्ल ने स्थापित की । उस समय उन्होंने दक्षिण भारत से अर्चकों को बुलाया और तब से आज तक यह परम्परा अक्षुण्ण रूप से चली आ रही है । राजा शिवमल्ल सिंह ने दक्षिण भारत के विद्वान् को अपना राजगुरु बनाया । राजा प्रताप मल्ल के समय, जो कि सोलहवीं शताब्दी के हैं, उन्होंने दक्षिण से लम्बकर्ण भट्ट और स्वामी ज्ञानानन्द नामक प्रसिद्ध दो तान्त्रिकों को नेपाल लाये और उनसे राजा ने तन्त्रविषयक शिक्षा ग्रहण की और उन्हें यथोचित राजसम्मान दिया ।

मुगलों के आतङ्क से भयभीत होकर तेरहवीं शताब्दी में अयोध्या के सूर्यवंशी राजा हरिसिंह देव नेपाल आए । यहां की जनता ने उनका हृदय से स्वागत किया । और यहां की जनता उनपर इतनी मेहरबान हुई, उनसे इतनी प्रसन्न हुई कि उसे उन्होंने अपना राजा माना । और पाल्पा के राजा धर्मसेन के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर राजा हरिसिंह देव ने नेपाल में सेन वंश की स्थापना की । हरिसिंह ने, जो कि अयोध्या से आए थे, उनको यहां की जनता ने अपने राजा के रूप में स्वीकार किया और हरिसिंह ने भी अपनी कन्या यहां के पाल्पा के नरेश से विवाहित की । इस प्रकार दोनों देशों का प्रगाढ सम्बन्ध द्योतित हुआ । नेपाल में यह प्रभावी सेन वंश सत्रहवीं शताब्दी तक शासन में रहा और भारत के साथ उसका ननिहाल का सम्बन्ध बना रहा ।

सेनवंश के बाद नेपाल में प्रभावशाली गोरखावंश का शासन स्थापित हुआ । इन गोरखा शासकों का सम्बन्ध चित्तौड के राजपूतों से बताया जाता है । इतिहासज्ञों ने गोरखावंश को चित्तौड के राजपूतों से जोडा है। इतिहासकारों का कहना है कि तेरहवीं शताब्दी में जब मुगलों ने राजस्थान पर आक्रमण किया तो चित्तौड को छोडकर ये सभी राजपूत नेपाल आए और यहां पर बस गए । इसी वंश के राजा पृथ्वीनारायण शाह (सत्रहवीं शताब्दी) ने काठमाण्डू के शक्तिशाली मल्लों से पराजित होकर अन्त में भारत का आश्रय लिया और फिर वह वनारस पहुँचे । और वहां पर एक राजपूत अभिमान सिंह की कन्या से उनका विवाह हुआ । वहां से फिर सैन्य सामग्री को लेकर काठमाण्डू आए, मल्लों से युद्ध किया और फिर अपना शासन स्थापित किया ।

इस प्रकार सत्रहवीं शताब्दी तक का यह इतिहास है । अठारहवीं शताब्दी में भारत बृटिशशासन के अन्तर्गत आ जाता है । और बृटिश साम्राज्य ने भारत और नेपाल के इन सम्बन्धों को बहुत ही सूक्ष्मदृष्टि से देखा । उन्होंने यह सोचा कि अगर ये सम्बन्ध इसी रूप में पुष्पित पल्लवित होते रहे तो शायद हमारी जो साम्राज्यस्थापना की कामना है उसमें विघ्न आ जाएगा, इसलिए उन्होंने नेपाल से राजनीतिक सम्बन्ध विच्छिन्न किया किन्तु धार्मिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध फिर भी बना रहा । और आज भी यह जो धार्मिक सांस्कृतिक सम्बन्ध है, एक दूसरे के भाई के रूप में आज भी विद्यमान है । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना मन्तव्य समाप्त करता हूं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नेपाल-भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता

- डा. आद्याप्रसाद मिश्र*

यस्याः प्रभावमतुलं भगवाननन्तो ब्रह्मा हरश्च न हि वक्तुमलं बलञ्च ।
सा चण्डिकाऽखिल जगत्परिपालनाय नाशाय चाशुभभयस्य मतिङ्करोतु ।।
चत्वारि शृङ्गास्त्रयोऽस्य पादाः द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति, महादेवो मर्त्यानाविवेश ।।

श्रद्धेय अध्यक्ष महोदय,
मञ्चस्थ विद्वज्जन,
एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, कुलाधिपति,

मान्यवर, हमने जितने देखे हैं भारत व नेपाल के मर्मस्थल, सभी हमारे पारम्परिक अभिन्न सम्बन्धों का कथन करते हैं । इसलिए, इसतरफ से अनेक कई ऐसी जगह हैं, जिससे हमारे पवित्र सम्बन्ध प्रकट होते हैं । इसी गण्डकी के पास में एक भैंसालोटन नामक जगह है, जहाँ भारतीयों की ओर मेला लगता है, उसे त्रिवेणी कहते हैं । और वे जिस त्रिवेणी में पुण्यलाभ की कामना एवं मान्यता से स्नान करते हैं यह आयोजित गोष्ठी भी उसी प्रकार की एक त्रिवेणी है । यहाँ पर स्नान करके, ज्ञान करके और ध्यान करके वही पुण्य लाभ होता है, जो त्रिवेणी में होता है ।

यह त्रिवेणी भारत व नेपाल दोनों देशों के धर्म व संस्कृति का एक ऐसा पावन सङ्गम है, जो अतीत काल से लेकर आजतक चल रहा है और आगे भी बहुत दिनों तक हम सबको एक सूत्र मे बाँधे रखेगा ।

यहाँ जो भगवान् पशुपतिनाथ का मन्दिर है और इसी तरह गुरु गोरखनाथ का भी काष्ठमण्डपम् में बडा प्रसिद्ध मन्दिर है, तान्त्रिक साधना का । और इसी के निकट गोरखपुर में भी गुरु गोरखनाथ का विशाल मन्दिर है, जिसकी ख्याति संसार में है । और यह भी माना जाता है कि गोरखपुरस्थित जो गुरु गोरखनाथ का मन्दिर है उसके महन्त प्रायः नेपाल के होते हैं । तो इस तरह की जो सांस्कृतिक एकता है वह अक्षुण्ण है । इतने ही नहीं हमारे भगवान् कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ लेकिन जन्माष्टमी नेपाल में भी मनाई जाती है । ज्योतिर्लिङ्ग के अलावा भी हमारे जितने शक्तिपीठ हैं वो भारत में भी हैं लेकिन गुह्येश्वरी जैसे कुछ ऐसे महत्वपूर्ण पीठ हैं, जिनकी नेपाल में भी बडी मान्यता है । कहा जाता है कि सती के शव को लेकर जब उन्मन्त होकर भगवान् शिव घूम रहे थे तो वह जो उनका गुह्य अंश गिरा वह नेपाल में है, जहां अभी कल ही हम लोगों ने दर्शन किया ।

---

* *उपकुलपति, महर्षि महेश योगी वैदिक युनिवर्सिटी, जवलपुर, मध्य प्रदेश, भारत*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस तरह से जितने शक्तिपीठ हैं वो भी कुछ नेपाल में हैं तो कुछ भारत में हैं । और यही नहीं जो त्यौहार हैं, जैसे शरद का नवरात्र है, यहां भी दश दिन तक कलश स्थापना करके मनाया जाता है । और दुर्गापाठ की परम्परा यहां नेपाल में भी चली आ रही है लगभग उसी रूप में, जिस रूप में भारत में होती है । इसी तरह से दीपावली, जो भारत में भगवान् रामचन्द्र की विजय के रूप में रामायण काल से स्मृत की जाती है, उन्हींकी विजय के स्वरूप में दीपमालिकाएं जलाई जातीं हैं और लक्ष्मी का पूजन होता है । नेपाल में भी ठीक उसी तरह से दीपावली का उत्सव मनाया जाता है बल्कि यहां उसका कुछ और विस्तारित रूप है । पांच दिनों तक यहां दीप जलाया जाता है । यह त्यौहार भी उसी प्रकार से मनाया जाता है । जैसा भारत में मनाया जाता है। हम लोग यहां शिवरात्री का पर्व मनाते हैं, भगवान् शिव पार्वती के विवाह रूप में और नेपाल में यह इसी रूप में ही मनाया जाता है । हमारे यहां के लाखों हिन्दू अनेकों कष्ट सहकर, दुःख झेलकर काठमाण्डौ आते हैं और भगवान् पशुपतिनाथ का दर्शन करके अपने को कृतार्थ करते हैं । वो यह नहीं मानते हैं कि हम भारतीय हैं, हम नेपाली हैं, हमको कम पुण्यलाम होगा और हमें कम श्रद्धा करनी चाहिए आदि । ऐसी एकता सारे संसार में शायद ही कहीं हो । जायसवाल तथा कई इतिहासकारों ने तो ऐसे कहा- ऐसे दो देश हैं, जो इतने निकट हैं धार्मिक रूप से, सांस्कृतिक रूप से, सारे संसार में ऐसे दो देश कहीं नहीं है । भगवान् राम का जन्म वहां हुआ और राम नवमी का पर्व यहां भी मनाया जाता है, उसी उल्लास से मनाया जाता है । भगवान् बुद्ध की बुद्धपूर्णिमा वहां उसी रूप में मनाई जाती है, जिस रूप में यहाँ मनाई जाती है ।

हमने आपसे निवेदन किया कि ब्राह्मण और श्रमण संस्कृति की अविच्छिन्न धारा भारत वर्ष में अनादि काल से चली आ रही है । वह अविच्छिन्न धारा इसी रूप में यहां भी बनायी जा रही है । जितने देवी देवता चाहे वो शिव हों, विष्णु हों, गणेश हों और जितने भी देवता हैं जैसे भारतीय मन्दिर में हैं वैसे ही यहां है । बल्कि यहां तो उसके साथ-साथ बुद्ध की भी प्रतिमा होती है । इसके अतिरिक्त भी हमने देखा कि जो भारतीय जीवन है, हिन्दू जीवन है चाहे वो वर्णविभाग हो, जैसे भारत वर्ष में ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र और वैश्य हैं तो नेपाल में भी उसी प्रकार की परम्परा है । अगर भारतीयों ने ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास ये चार आश्रम माने हैं तो उसी प्रकार नेपाली भी मानते हैं । और जो संस्कार हैं, चाहे षोडश संस्कार हों, विशेष कर के चाहे यज्ञोपवीत हो, चाहे विवाह हो, सभी संस्कार उसी शास्त्रीय पद्धति के अनुसार नेपाली लोग करते हैं, जिस पद्धति को भारतीय लोग अपनाते हैं । यह ही नहीं जीवन का अन्तिम संस्कारस्वरूप अन्त्येष्टि क्रिया भी उसी प्रकार की जाती है । और नेपाली लोग भी पितरों को तृप्त करने गया में उसी भांति जाते हैं, उसी श्रद्धा से जाते हैं, उसी कामना से जाते हैं, जिस प्रकार भारतीय जाते हैं ।

इस तरह से हम चाहे जितना देखेंगे धार्मिक रूप से, सांस्कृतिक रूप से और भौगोलिक स्थिति से अनादि काल से भारतवर्ष और नेपाल एक रहा है । यह जहां तक संस्कृत भाषा का प्रश्न है, संस्कृत भाषा भी उसी रूप में जैसे शास्त्रों की पढाई भारत वर्ष में होती है उसी प्रकार नेपाल में भी होती है । आज सारे संसार में संस्कृत की पढाई होती हैं लेकिन उसका माध्यम व परम्परा भिन्न है किन्तु आज भी हर नेपाली हम भारत वर्ष से संस्कृत की शिक्षा प्राप्त किए है । या तो वाराणसी से पढे हैं । वह, जो भारत में पढा है, अपना गौरव मानता है, वह अपने को हीन नहीं मानता है । और जितने ग्रन्थों का निर्माण वहां है लगभग उसी संख्या में, उससे भी बडी संख्या में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहां भी ग्रन्थों का निर्माण हुआ है, हो रहा है। जिस तरह से भारतवर्ष बहुत बडा देश है, वहां ८-१० संस्कृत विश्वविद्यालय हैं तो यहां भी एक संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। यह इस बात का द्योतक है कि यह नेपाल देश है, संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में उसी पथ का अनुगामी है, जिस पथ पर भारत चल रहा है।

आप लोगों के समक्ष, बहुत सी बातें आयी, बहुत, सी चर्चाएं हुईं एक ऐसा सम्मेलन हुआ है, एक ऐसी गोष्ठी हुई है आदि। हम आप सबसे विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहते हैं कि अगर अपने इस सम्मेलन की सफलता व्याख्यान मात्र से कर लेंगे तो हम कहेंगे वह सन्तोषप्रद नहीं होगा, वह पर्याप्त नहीं होगा। हमारी प्रार्थना है हमारे जो वयोवृद्ध हैं, कुलपति और कुलाधिपति हैं सबके आज की सभा में, आज के सम्मेलन में कुछ ऐसे विचार रहें या हमारे इस गोष्ठी के माध्यम से दोनों दूतावासों को कुछ ऐसे सन्देश दिये जायं कि हमने कुछ सार्थक प्रयास किया। हमारा एक प्रस्ताव है कि दोनों दूतावासों को हम भेजें कि दोनों देश की सरकारें संस्कृत को अनिवार्य रूप से पढाएं। हम दोनों देशों के लोगों को भारत या नेपाल की एकता के बारे में, सांस्कृतिक व सामाजिक सम्बन्धों के बारे में ऐसी बहुत सी बातें हैं, जो हम चाहते हुए भी नहीं जानते हैं। हम चाहते हैं कि आप ऐसा प्रस्ताव करें कि दोनों के सम्बन्धों के बारे में अच्छे ग्रन्थों का लेखन हो। नये ग्रन्थ का प्रकाशन हो। दोनों सरकारें उसमें साझीदार हों। और इसी प्रकार से दोनों देशों के जो विद्वान् हैं, जो आचार्यगण है वो मिलकर के उनका आदान प्रदान होता रहे।

हम यह भी चाहते हैं कि जैसे नेपाल अपने को हिन्दूराष्ट्र कहता है इसी तरह आप हम कुछ ऐसा अनुभाग बनाएं कि सारे संसार में फैले हुए जो हिन्दू लोग हैं, जो अपने को अलग थलग मानते हैं, उसकी अलग कोई हम सूची तैयार करें व उसको एक साथ मिलाने की कोशीश करें तो एक बृहत्तर हिन्दू सम्मेलन हो सकता है। उसमें बहुत हिन्दू इकट्ठा हो सकते हैं। हमारा अगर संकल्प होगा तो कुछ भी असम्भव नही हैं। आप देखें जितने अरव Countries हैं, जितने मुस्लिम हैं सब एक साथ हो रहे हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि आज की इस उदय बेला में, आज इस सम्मेलन के अवसर पर यह भी करें कि हमारे सारे संसार में जितने हिन्दू हों उनको एक साथ लगायें। हम आपको बताएं, कुछ महिना पहले हम जर्मनी गये थे। वहां एक जर्मन् विद्वान् के घर जाने का मौका हुआ। और उन्होंने अपने को बडा कष्ट माना कि हम तो अनार्य हो गये, म्लेच्छ हो गये। ईसाइयों के बीच हो गये। वो लोग धन्य हैं, जो भारतीय बने हैं। वो यही श्लोक सुनाते थे कि 'गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे स्वर्गापवर्गास्पदहेतुभूते भवन्ति भूयः पुरुषः सुरत्वात्'। क्या ऐसा कोई संकल्प हम नहीं कर सकते ? हम आज से संकल्प लें तो ४०-५० वर्षों में हमारी भी बहुत बडी संख्या हो जाएगी। हम इसी सम्मेलन के माध्यम से ऐसी भावनात्मक एकता बनाएं, हम अपनी सरकारों को कहें कि आप परस्पर में आर्थिक और वैज्ञानिक जो सहयोग हैं उन सहयोगों को मिलाइए। यह जो संस्कृत समुदाय है, यह जो संस्कृत के विद्वज्जन हैं यह आप के साथ सहयोगी रहेगा, आपको सामग्री देगा, यह भी हम प्रस्ताव स्वीकार करें। हमारे अपने जो वयोवृद्ध विद्वान् हैं, जो बेङ्कटाचलम् जी हैं और मण्डवमिश्र जी हैं, जो अतिशय वयोवृद्ध हैं, हम चाहते हैं कि दोनों सरकारों के पास इस तरह के सङ्कल्प पहुँचाएं ताकि हमारे व्याख्यान के अतिरिक्त भी हमने ऐसा कुछ सङ्कल्प लिया है, जो आज के किए हुए सङ्कल्प को आगे बढाए। तो अपने भारतीय दूतावास के अखिलेश मिश्र जी और उनके सहयोगियों को और हमारे माधवराज गौतमजी, महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलपति,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस तरह से जितने शक्तिपीठ हैं वो भी कुछ नेपाल में हैं तो कुछ भारत में हैं । और यही नहीं जो त्यौहार हैं, जैसे शरद का नवरात्र है, यहां भी दश दिन तक कलश स्थापना करके मनाया जाता है । और दुर्गापाठ की परम्परा यहां नेपाल में भी चली आ रही है लगभग उसी रूप में, जिस रूप में भारत में होती है । इसी तरह से दीपावली, जो भारत में भगवान् रामचन्द्र की विजय के रूप में रामायण काल से स्मृत की जाती है, उन्हींकी विजय के स्वरूप में दीपमालिकाएं जलाई जातीं हैं और लक्ष्मी का पूजन होता है । नेपाल में भी ठीक उसी तरह से दीपावली का उत्सव मनाया जाता है बल्कि यहां उसका कुछ और विस्तारित रूप है । पांच दिनों तक यहां दीप जलाया जाता है । यह त्यौहार भी उसी प्रकार से मनाया जाता है । जैसा भारत में मनाया जाता है। हम लोग यहां शिवरात्री का पर्व मनाते हैं, भगवान् शिव पार्वती के विवाह रूप में और नेपाल में यह इसी रूप में ही मनाया जाता है । हमारे यहां के लाखों हिन्दू अनेकों कष्ट सहकर, दुःख झेलकर काठमाण्डौ आते हैं और भगवान् पशुपतिनाथ का दर्शन करके अपने को कृतार्थ करते हैं । वो यह नहीं मानते हैं कि हम भारतीय हैं, हम नेपाली हैं, हमको कम पुण्यलाम होगा और हमें कम श्रद्धा करनी चाहिए आदि । ऐसी एकता सारे संसार में शायद ही कहीं हो । जायसवाल तथा कई इतिहासकारों ने तो ऐसे कहा– ऐसे दो देश हैं, जो इतने निकट हैं धार्मिक रूप से, सांस्कृतिक रूप से, सारे संसार में ऐसे दो देश कहीं नहीं है । भगवान् राम का जन्म वहां हुआ और राम नवमी का पर्व यहां भी मनाया जाता है, उसी उल्लास से मनाया जाता है । भगवान् बुद्ध की बुद्धपूर्णिमा वहां उसी रूप में मनाई जाती है, जिस रूप में यहाँ मनाई जाती है ।

हमने आपसे निवेदन किया कि ब्राह्मण और श्रमण संस्कृति की अविच्छिन्न धारा भारत वर्ष में अनादि काल से चली आ रही है । वह अविच्छिन्न धारा इसी रूप में यहां भी बनायी जा रही है । जितने देवी देवता चाहे वो शिव हों, विष्णु हों, गणेश हों और जितने भी देवता हैं जैसे भारतीय मन्दिर में हैं वैसे ही यहां है । बल्कि यहां तो उसके साथ-साथ बुद्ध की भी प्रतिमा होती है । इसके अतिरिक्त भी हमने देखा कि जो भारतीय जीवन है, हिन्दू जीवन है चाहे वो वर्णविभाग हो, जैसे भारत वर्ष में ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र और वैश्य हैं तो नेपाल में भी उसी प्रकार की परम्परा है । अगर भारतीयों ने ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास ये चार आश्रम माने हैं तो उसी प्रकार नेपाली भी मानते हैं । और जो संस्कार हैं, चाहे षोडश संस्कार हों, विशेष कर के चाहे यज्ञोपवीत हो, चाहे विवाह हो, सभी संस्कार उसी शास्त्रीय पद्धति के अनुसार नेपाली लोग करते हैं, जिस पद्धति को भारतीय लोग अपनाते हैं । यह ही नहीं जीवन का अन्तिम संस्कारस्वरूप अन्त्येष्टि क्रिया भी उसी प्रकार की जाती है । और नेपाली लोग भी पितरों को तृप्त करने गया में उसी भांति जाते हैं, उसी श्रद्धा से जाते हैं, उसी कामना से जाते हैं, जिस प्रकार भारतीय जाते हैं ।

इस तरह से हम चाहे जितना देखेंगे धार्मिक रूप से, सांस्कृतिक रूप से और भौगोलिक स्थिति से अनादि काल से भारतवर्ष और नेपाल एक रहा है । यह जहां तक संस्कृत भाषा का प्रश्न है, संस्कृत भाषा भी उसी रूप में जैसे शास्त्रों की पढाई भारत वर्ष में होती है उसी प्रकार नेपाल में भी होती है । आज सारे संसार में संस्कृत की पढाई होती हैं लेकिन उसका माध्यम व परम्परा भिन्न है किन्तु आज भी हर नेपाली हम भारत वर्ष से संस्कृत की शिक्षा प्राप्त किए है । या तो वाराणसी से पढे हैं । वह, जो भारत में पढा है, अपना गौरव मानता है, वह अपने को हीन नहीं मानता है । और जितने ग्रन्थों का निर्माण वहां है लगभग उसी संख्या में, उससे भी बडी संख्या में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहां भी ग्रन्थों का निर्माण हुआ है, हो रहा है । जिस तरह से भारतवर्ष बहुत बडा देश है, वहां ८-१० संस्कृत विश्वविद्यालय हैं तो यहां भी एक संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है । यह इस बात का द्योतक है कि यह नेपाल देश है, संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में उसी पथ का अनुगामी है, जिस पथ पर भारत चल रहा है ।

आप लोगों के समक्ष, बहुत सी बातें आयी, बहुत, सी चर्चाएं हुईं एक ऐसा सम्मेलन हुआ है, एक ऐसी गोष्ठी हुई है आदि । हम आप सबसे विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहते हैं कि अगर अपने इस सम्मेलन की सफलता व्याख्यान मात्र से कर लेंगे तो हम कहेंगे वह सन्तोषप्रद नहीं होगा, वह पर्याप्त नहीं होगा । हमारी प्रार्थना है हमारे जो वयोवृद्ध हैं, कुलपति और कुलाधिपति हैं सबके आज की सभा में, आज के सम्मेलन में कुछ ऐसे विचार रहें या हमारे इस गोष्ठी के माध्यम से दोनों दूतावासों को कुछ ऐसे सन्देश दिये जायं कि हमने कुछ सार्थक प्रयास किया । हमारा एक प्रस्ताव है कि दोनों दूतावासों को हम भेजें कि दोनों देश की सरकारें संस्कृत को अनिवार्य रूप से पढाएं । हम दोनों देशों के लोगों को भारत या नेपाल की एकता के बारे में, सांस्कृतिक व सामाजिक सम्बन्धों के बारे में ऐसी बहुत सी बातें हैं, जो हम चाहते हुए भी नहीं जानते हैं । हम चाहते हैं कि आप ऐसा प्रस्ताव करें कि दोनों के सम्बन्धों के बारे में अच्छे ग्रन्थों का लेखन हो । नये ग्रन्थ का प्रकाशन हो । दोनों सरकारें उसमें साझीदार हों । और इसी प्रकार से दोनों देशों के जो विद्वान् हैं, जो आचार्यगण है वो मिलकर के उनका आदान प्रदान होता रहे ।

हम यह भी चाहते हैं कि जैसे नेपाल अपने को हिन्दूराष्ट्र कहता है इसी तरह आप हम कुछ ऐसा अनुभाग बनाएं कि सारे संसार में फैले हुए जो हिन्दू लोग हैं, जो अपने को अलग थलग मानते हैं, उसकी अलग कोई हम सूची तैयार करें व उसको एक साथ मिलाने की कोशीश करें तो एक बृहत्तर हिन्दू सम्मेलन हो सकता है । उसमें बहुत हिन्दू इकट्ठा हो सकते हैं । हमारा अगर संकल्प होगा तो कुछ भी असम्भव नही हैं । आप देखें जितने अरव Countries हैं, जितने मुस्लिम हैं सब एक साथ हो रहे हैं । क्या ऐसा नहीं हो सकता कि आज की इस उदय बेला में, आज इस सम्मेलन के अवसर पर यह भी करें कि हमारे सारे संसार में जितने हिन्दू हों उनको एक साथ लगायें । हम आपको बताएं, कुछ महिना पहले हम जर्मनी गये थे । वहां एक जर्मन् विद्वान् के घर जाने का मौका हुआ । और उन्होंने अपने को बडा कष्ट माना कि हम तो अनार्य हो गये, म्लेच्छ हो गये । ईसाइयों के बीच हो गये । वो लोग धन्य हैं, जो भारतीय बने हैं । वो यही श्लोक सुनाते थे कि 'गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे स्वर्गापवर्गास्पदहेतुभूते भवन्ति भूयः पुरुषः सुरत्वात्' । क्या ऐसा कोई संकल्प हम नहीं कर सकते ? हम आज से संकल्प लें तो ४०-५० वर्षों में हमारी भी बहुत बडी संख्या हो जाएगी । हम इसी सम्मेलन के माध्यम से ऐसी भावनात्मक एकता बनाएं, हम अपनी सरकारों को कहें कि आप परस्पर में आर्थिक और वैज्ञानिक जो सहयोग हैं उन सहयोगों को मिलाइए । यह जो संस्कृत समुदाय है, यह जो संस्कृत के विद्वज्जन हैं यह आप के साथ सहयोगी रहेगा, आपको सामग्री देगा, यह भी हम प्रस्ताव स्वीकार करें । हमारे अपने जो वयोवृद्ध विद्वान् हैं, जो बेङ्कटाचलम् जी हैं और मण्डवमिश्र जी हैं, जो अतिशय वयोवृद्ध हैं, हम चाहते हैं कि दोनों सरकारों के पास इस तरह के सङ्कल्प पहुँचाएं ताकि हमारे व्याख्यान के अतिरिक्त भी हमने ऐसा कुछ सङ्कल्प लिया है, जो आज के किए हुए सङ्कल्प को आगे बढाए । तो अपने भारतीय दूतावास के अखिलेश मिश्र जी और उनके सहयोगियों को और हमारे माधवराज गौतमजी, महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलपति,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जिन्होंने एक मङ्गल कामना की है, एक नई शुरुआत की है, एक नई स्थापना की है, कहा है कि 'स तु तत्र विशेष दुर्लभः सदुपन्यस्यति कृत्यवर्त्म यः' ऐसा एक आयोजन किया है, जिसके लिए आप लोग बार-बार साधुवाद के पात्र हैं । हम आपनी बातें पूरी करें, इसके पहले एक श्लोक आपको सुनाना चाहते हैं-

नेपालोत्तमराष्ट्रमात्मजनतोल्लासप्रकर्षोज्वलं
सत्वं श्रौतपथोपदिष्टसुपथोन्नीतं य यत् साम्प्रतम् ।
हिन्दुत्वोद्‌गतगौरवेण जगति प्राशस्त्यमुद्योतयत्
राराजीति समस्तमानवकुलोद्धाराय हारोपमम् ।।
श्रीशम्भुना पशुपतिप्रथिताभिधान-
धाम्ना किमप्यतुलितं पदमादधानः ।
नेपालदेश उदयं महिमप्रकाशात्
उज्जृम्भते भुवनमण्डलमद्वितीयम् ।।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।। ॐ शान्तिः । धन्यवाद ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतशिक्षा में विश्वविद्यालयों की भूमिका

- डा. लोकेन्द्रमान सिंह*

आदरणीय सभापतिज्यू,
मञ्चमा बस्नुभएका, भारतबाट आउनुभएका ऋषिमुनिहरू
र साथी भाइहरू ।

यदि तपाईंहरूको अनुमति हुन्छ भने म हिन्दीमा बोल्ने प्रयास गर्छु किनकि म नेपालमा जन्मे पनि मेरो सारा जीवन मैले काशीमा नै व्यतीत गरेको छु । त्यहीं पढें त्यसकारण म आफूलाई हिन्दूस्तानी हूँ, भारतीय हूँ कि नेपाली हूँ त्यो भन्न मलाई बडो अप्ठ्यारो लाग्छ किनकि भारतमा भएको बेला म नेपाली हूं र नेपालमा आएको बेला म भारतीय भएर जान्छु । (वक्ताको यो भनाइमा मञ्चस्थ एक जनाले 'नेपाल भारत सम्बन्ध का यह बडा अच्छा उदाहरण हो गया' यस्तो भनेपछि सारा सभामा हांसोको वर्षा)

ऐसा होता था कि मैं यहां इण्डियन एम्बेसी की तरफ से आया था एक बार तो जब हिन्दूस्तान में होता हूं तो नेपाल को डिफेण्ड करने में ज्यादा समय जाता था और मैं जब यहां आता था तो हिन्दूस्तान का डिफेन्ड करने में ज्यादा समय जाता था । खैर ! यह सब होते हुए भी यह जो आज आप लोगों ने संयोजन किया संस्कृत के, संस्कृत विश्वविद्यालय के लोगों को यहां सम्मिलित करके, यह जो भारतीय दूतावास ने किया या महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय का थोडा बहुत हात रहा, मैं आप लोगों को यह बता सकता हूं कि भारत में पचास वर्ष रहते हुए मुझे ऐसा अवसर कभी नहीं मिला । इसीलिए मैं आप सब ऋषि मुनि लोगों को जो कुलपति, कुलाधिपति यहां आए हैं उन सबको फिर से प्रणाम करना चाहता हूं कि आप लोगों के सबके दर्शन इकठ्ठे हुए यह हम लोगों के लिए बडे ही सौभाग्य की बात है । और मैं अपने नेपाली साथियों को कहना चाहता हूं कि जो अवसर हमको मिला है (हामीले पाएका छौं) ऐसा कभी नहीं मिला (यस्तो कहिल्यै मैले पाइनं) त्यसकारण तपाईंहरू बडो भाग्यमानी हुनुहुन्छ, कि यस्तो पाउनुभो ।

मुझे यहां बोलना भी पडेगा ऐसा मालूम नहीं था । लेकिन अभी थोडे ही देर पहिले हमारे उपकुलपति जी ने कहा कि तुमको बोलना है तो जैसे अभी हमारे पूर्ववक्ता ने कहा मेरा शिर खुजलाने लगा मैं क्या बोलूं ? तो मैंने सोचा यह है कि यहां मैंने दो दिन रहकर के जो ज्ञान प्राप्त किया है वह तो बात अलग है, जिसके बारे में हमारे विद्यार्थी बोले, उन्होंने भी बडी अच्छी बातें कहीं और हमारे जो पूर्ववक्ता हैं उन्होंने भी बडी अच्छी बातें कही । मैं एसके साथ में एक चीज बताना यह चाहता हूं कि भारत और नेपाल का जो सम्बन्ध है उसको मैं तो समझता हूं कि सम्बन्ध अच्छा है कहना पिष्टपेषण जैसा हो रहा है । वह तो है ही । अरे ! हमारे पिताजी पिछले साल गुजर गए तो मुझे भी गया जाना ही है । और उसके बिना मैं यहां कुछ कर ही नहीं सकता हूं । इसीलिए हर जो नेपालका व्यक्ति है उसको गया तो जाना ही पडता है । चारधाम करना ही पडता है । तो इस बातका हम

* आयुर्वेद विकास इकाइ प्रमुख, महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बार बार कहें हमारे पुराणों में है, यह बात ज्यादा जोर देने वाली है, ऐसा मुझको नहीं लगता । वेङ्कटाचलम् जी का मैं बहुत ही आभारी हूं कि युनिवर्सिटी की जो कल्पना है, युनिवर्सिटी को क्या करना चाहिए, इसके बारे में उन्होंने बहुत कुछ प्रकाश डाला । आखिर में महेन्द्र संस्कृत युनविर्सिटी यहां खुला है, तो आप लोग जितनी भी संस्कृत युनिवर्सिटियां हैं युनिवर्सिटी का क्या कार्य होना चाहिए ? इसके बारे में ही हमें अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए । क्यों कि युनिवर्सिटी आखिर में भूत और भविष्य की एक सन्धि है । टीचर भूतकाल का प्रतिनिधि होता है और जो विद्यार्थी होता है वह भविष्य का होता है तो उसका सन्धि करने वाला तो युनिवर्सिटी न है ? लेकिन मैं उसमें एक चीज और जोडना चाहता हूं कि University का काम केवल जाव (Job) के लिए लडकों को तैयार करना मात्र नहीं है । वह तो काम है ही लेकिन साथ साथ में जो मूल्य है उनकी रक्षा भी तो युनिवर्सिटी को ही करनी होती है । Maintenance of Quality यह भी युनिभर्सिटी का ही कार्य है। देखिये हैं यह कहता हूं कि हमारे सभ्यताओं का यदि आप इतिहास देखें तो हम लोगों का तक्षशिला खतम हो गया तो हमारी सभ्यता में कुछ असर तो पडा । और बहुत सारी युनिवर्सिटियां जो आज हैं, हार्वर्ड का नाम लिया जाता है या वर्कले युनिवर्सिटी, क्यालिफोर्निया युनिवर्सिटी का नाम लिया जाता है तो उसके साथ में उसका भौतिक भी तो सम्बन्धित हो गया । हार्वर्ड आज क्यों बडा है ? क्यों कि हार्वर्ड आदि ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में मूलतः गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया । आज सर्वत्र यदि हार्वर्ड विश्वविद्यालय के स्नातकों को सम्मान के साथ देखा जाता है तो उसका एक मात्र कारण है कि उन लोगों ने गुणवत्ता पर विशेष जोड दिया । तो हमें भी अन्य आवश्यक कार्यों के साथ-साथ इस ओर भी ध्यान देना अत्यावश्यक है। मैं १९६२ में अमेरीका गया था तो आपको जानके आश्चर्य होगा कि कोइ भी इस्टिच्यूशन (Institution) वहां पर नहीं था जहां कि जापानी लोग काम न करते हों । आज उसका नतीजा यह देख लीजिये कि उसी युनिवर्सिटी के एजुकेशन की बजह से जापानी स्कूल में पढने के लिए अमेरीकी आते हैं । अमेरीकियों को जापानी सीखने की आवश्यकता पडी है । इसलिए मेरा निवेदन यह है कि युनिवर्सिटी का फंक्सन तो लीडरशिप देना भी तो है । समाजको नेतृत्व देना भी तो बडा फंक्सन है । और वह (Function) क्वालिटी (Quality) के बिना नहीं होता है । इसीलिए हम लोगों को हमारी विद्या की क्वालिटी (गुणवत्ता) का ध्यान रखना बहुत ही जरूरी है । तो संस्कृत युनिवर्सिटी को विस्तार करना समय सापेक्ष करना हो तो भी गुणस्तर में सम्झौता करके नहीं उसीके साथ ही करना चाहिए, मेरा यही निवेदन है । और मैं तो संस्कृत विश्वविद्यालय में कुछ ही दिन हुए आया हूं, और मेरी वहां कुछ बातें होती रहती हैं । मैं एक उदाहरण क्या देता हूं कि देखिये कोई भी विद्या यदि वह सत्य है तो सत्य के लिए आधुनिक सत्य और प्राचीन सत्य नहीं होता है, न तो हिन्दूस्तानी सत्य और वैदेशिक सत्य होता है । सत्य तो सत्य ही होता है। सूर्य तो सूर्य ही होता है । यदि संस्कृत विद्या शाश्वत है, सत्य है तो उसके लिए मैं आप लोगों से निवेदन करता हूं कि आप लोगों को उसको बचाने की जरूरत नही हैं । वह तो रहेगा, और रहेगा । इसका एक उदाहरण मैं आयुर्वेद से देना चाहता हूं । आयुर्वेद की शिक्षा प्रारम्भ हो इसीलिए संस्कृत युनिवर्सिटी में मैं आया हूं । देखिये मैं आयुर्वेद का एक उदाहरण देता हूं या योग का ही है देखिये, यदि सत्य है तो कभी वह मरता नहीं है । आजकल हमारे यहां से भी ज्यादा योग के, दर्शन के या आयुर्वेद के विद्वान् विदेशों में हो गए हैं । मेरे यहां कुछ ऐसे विदेशी विद्यार्थी आते हैं तो आपको जानके आश्चर्य होगा कि जिस परिपाटी को हमारा समाज छोडता जा रहा है उसे विदेशों में स्थान मिल रहा है । आज विदेशों में लोग शाकाहार की ओर आकृष्ट हो रहे हैं । विदेशी लोग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मांस मदिरा सब छोड रहे हैं । हमारी नैतिकता का अनुसरण वे लोग कर रहे हैं ।

अब मैं आप लोगों से क्या निवेदन करूँ ? हमारे समाज की स्थिति, हमारे देशों की स्थिति क्या है वह तो आप लोगों से छिपी नहीं है । इसीलिए मेरा यह कहना है कि जो सत्य है वह तो सत्य के रूप में ही सुरक्षित है । मैं आयुर्वेद के बारे में दो बात बता दूं कि आयुर्वेद के कुछ ग्रन्थ हैं जो कि केवल नेपाल में हैं । आपको, जो आर्युवेद के थोडे ज्ञाता हैं अवश्य ज्ञात होगा कि हेमराज गुरु जी ने एक काश्यप संहिता नामक पुस्तक यहां से निकाली । आज भी भारत में जितने भी आयुर्वेद के विद्वान् हैं वह उन लोगों के लिए वेद की तरह है । आयुर्वेद का पूरा इतिहास उसमें लिखा हुआ है । हमारे राष्ट्रिय अभिलेखागार में ऐसे-ऐसे ग्रन्थ हैं जो कि अभीतक अप्रकाशित ही हैं । तो वह पढिए जो हमारे पास उस तरह की सम्पत्ति है । नेपाल में क्या क्या चीज है । दूसरी बात आयुर्वेद की दृष्टि से, वायो-डाइवर्सिटी की दृष्टि से तो नेपाल स्वर्ग ही है । दो सौ किलोमीटर्स उत्तर से दक्षिण (नेपाल कहीं भी दो सौ किलोमीटर उत्तर-दक्षिण से ज्यादा नहीं है) के अन्दर ट्रपिकल्स से लेकर एलपाइन वेजिटेवल्स पाये जाते हैं । इसीलिए यहां कहा गया कि हीरे वाली (महत्वपूर्ण) औषधियां पायी जाती हैं, सर्वथा सत्य है । दो सौ किलोमीटर के अन्दर इतनी तरह की वनस्पतियां पायी जाती हैं, जो कि संसार के लिए एक नमूना है । यह एक खजाना है। और यहां पर क्या नहीं हो सकता इसका कोई अन्दाजा नहीं हो सकता । इसीलिऐ मेरा हर समय यही निवेदन रहता है कि देखिए कि आयुर्वेद या संस्कृत ये तो हम लोगों की एक ट्रेजर हाउस है, हम लोगों के लिए रिसोर्स (Resource) है । और विशेषतः नेपाली भाइयों से, नेपाली सरकार से यह अनुरोध करता हूं, प्रार्थना करता हूं कि आप लोग अपने (Resource) को पहचानिए । नेपाल के स्रोत क्या हैं, हिमाल ? नदियां ? और ये जडी बूटियां और जो हम लोगो की परम्परा (Tradition) है उनका आप प्रयोग गरें । यह तो हम सोने के खान में बैठे हुए हैं । आप उसका प्रयोग कीजिए। आज हमारी सरकार ७० करोड की आयुर्वेद औषधियां इम्पोर्ट (आयात) करती है। आधुनिक औषधियों की बात मैं नहीं कर रहा केवल आयुर्वेदिक औषधि मात्र ७० करोड की । और यहां से कई करोड की जडी बुटियां बाहर जाती हैं । क्या यह आय का स्रोत नहीं हो सकता ? क्या हमारा आयुर्वेद, जो कल था आज उतना महत्वपूर्ण नहीं रह गया? आज यह आयुर्वेद 'आयुर्वेदा' होकर सार्वभौम हो गया है, जिस तरह से योग 'योगा' होकर सार्वभौम हुआ है । आज हमारे पास जो विद्यार्थी आयुर्वेद सीखने आते हैं, सबके सब विदेशी होते हैं । और इसी तरह से योग की बात कीजिए । योग करने वाले हम लोगों से ज्यादा वे लोग हो गए । इसीलिए मेरा यह कहना है कि संस्कृत की जो विभिन्न विधाएं हैं, उनमें भी ऐसे ही शाश्वत सत्य हैं । वे शाश्वत सत्य यदि प्रकाश में आएंगे तो उससे ज्यादा लाभ मानव जाति को अन्य किसी से नहीं होगा । इसीलिए मैं तो भारत-नेपाल मैत्रीसम्बन्ध में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं देखता । यह तो है ही, इसको तो कोई तोड ही नहीं सकता । यदि कोई दरार पैदा करना चाहता है तो वह केवल निजी स्वार्थवश ऐसा करता है । इसलिए इस विषय से भी ज्यादा यदि हम संस्कृत के माध्यम से संस्कृत की विधाओं के द्वारा कुछ कर सकें तो वह बडी भाग्य की बात होगी । मेरी सब लोगों से एक ही प्रार्थना है कि आप लोग मिलकर ऐसा कार्यक्रम बनावें, जो निरन्तर चलने वाला हो । इसमें भारतीय दूतावास बहुत बडा भाग ले सकता है । कम से कम स्नातकों का आदान-प्रदान जैसा ही कोई निरन्तर कार्यक्रम बने, कुछ गोष्ठियों का, शिक्षकों की ट्रेनिङ (Training) का कार्यक्रम बने तो बडी अच्छी बात होगी । इतना ही कहकर के आप सब लोगों से विदा चाहता हूं । धन्यवाद ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतवाङ्मय और नेपाल भारत सम्बन्ध

- डा. रामनिवास पाण्डे

आदरणीय सभापति जी,

भारत से आए हुए विशिष्ट विद्वान्, कुलपति, उपकुलपति जी महोदय तथा यहां बैठे हुए समस्त विद्वान् तथा विदुषीगण !

मैं अंग्रेजी अथवा नेपाली में बोलना नहीं चाहता हूं । मैं चाहता हूं कि सभीके लिए सुबोध्य हिन्दी में ही अपने विचार व्यक्त करुँ । यह आज की जो गोष्ठी सम्पन्न हो रही है और विषय संस्कृत और नेपाल भारत का सम्बन्ध है इसके बारे में मैं बहुत ज्यादा भी नहीं बोलूंगा, कुछ ही विचार यहाँ व्यक्त करूंगा ।

वास्तव में आर्य लोगों का पदार्पण नेपाल में भारत के साथ ही हुआ है । और जब हम लोग उपनिषद् के समय में आते हैं, उस समय हम लोग क्या देखते हैं कि सम्पूर्ण आर्यावर्त का क्षेत्र, जो कि हिमाल से लेकर विन्ध्याचल पर्वत का क्षेत्र है, यह क्षेत्र एक संस्कृति में आबद्ध हो गया । हमारी राजनीतिक सीमाएं भी हैं लेकिन हमारी सांस्कृतिक सीमा कोई नहीं है । उपनिषद् काल से ही हमारी जो पवित्र नदियां है वो हम नेपाल और भारत के वासियों को एक संस्कृति में आबद्ध करती हैं ।

मण्डन मिश्र जी को मैंने सुना । मैं वास्तव में रुरु के बारे में भी काम कर रहा हूं । कैसे पुराने समय से हमारे यहां तीर्थस्थलों का उद्भव हुआ, चाहे वह मुक्तिक्षेत्र हो, चाहे वह बाराहक्षेत्र हो, मिथिलाक्षेत्र हो, रुरुक्षेत्र हो चाहे वो भारत के हों या नेपाल के हों, सहयोगी बने हैं और एक शक्तिशाली संस्कृति का विकास किया है । आज भी हम लोग इन तीर्थों की यात्रा करते हैं । नेपाल से भारत में और भारत से नेपाल में आते जाते रहते हैं। और इस तरीके से हमारी तीर्थयात्रा की परम्परा के कारण नेपाल भारत के सम्बन्ध पूर्वकाल से ही बहुत प्रबल हो गए । मैं इतिहास का विद्यार्थी हूं, पुरातत्त्व का विद्यार्थी हूं । मैं देख रहा हूं, यहां जो पौराणिक काल में हुआ उस के बारे में बहुत कुछ कहा गया । मैं यहां एक प्रसङ्ग और उल्लेख करना चाहता हूं ।

हम एक राजा का नाम लेते हैं विक्रमादित्य । विक्रमादित्य भारत के बहुत प्रसिद्ध राजा हुए हैं । यहाँ आकर बारह बरस (वर्ष) तक बज्रयोगिनी में बैठकर उन्होंने तपस्या की थी । और वास्तव में हमारी जो हिन्दूसंस्कृति का जो विकास हुआ है हालांकि हमारे पौराणिक ग्रन्थ बहुत कुछ गीत गाते हैं लेकिन वो उतने पुराने नही हैं । माफ कीजिए, जैसे बाराहपुराण का उल्लेख किया गया है, उसमें बाराहपुराण में जो वर्णन है वो पीछे के हैं हालांकि पौराणिक काल की बातें करते हैं ।

तो बाद में यहां लिच्छवि लोग आए, यहां मल्ल लोग आए, सबने भारत से विस्थापित होकर यहां अनेक राज्य की स्थापना की, हिन्दूसंस्कृति का विकास किया और नेपाली संस्कृति के विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिए । मैं इतिहास की बातें नहीं करूगा । मैं मूर्तिकला, जिसके बारे में किसीने नहीं कहा अथवा वास्तुकला, इसके बारे में भी किसी ने नहीं कहा, पर प्रकाश डालूंगा । वास्तव में लिच्छविकाल की मूर्तियों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अगर देखते हैं, उसे समझने की कोशिस करते हैं तो उससे हमारे सम्बन्धों पर गहरा प्रकाश मिलता है। गुप्तकाल के भारत की मूर्तियों का और लिच्छविकाल के नेपाल की मूर्तियों का अगर आप तुलना करें तो उसमें बहुत समानता उपलब्ध होती है। अगर हमको, जो नेपाल में आ गए है और जो भारत में हैं, यह ज्ञान न हो अथवा सीमा पार करते समय देख न सके हों तो भी सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर वे मूर्तियां जो गुप्तों की बनाई हैं, उनसे लिच्छविकालीन मूर्तियां अलग प्रतीत नहीं होतीं। क्योंकि उन लोगों का जो प्लाष्टिक ट्रेडिशन है, जो अभिलेख की स्क्रिप्ट है, उसके साथ-साथ उसको भी हुबहु उतार लिया है। तो इस तरीके से हम लोग पाते हैं कि जो यहां हमारी शिखर शैली की मूर्तियां हैं उन शिखर शैलियों की मूर्तियों को हमने अपनाया है। जब आप पशुपति में जाइये तो एक ब्रह्मा का मन्दिर है सबसे पुराना, वह शिखर शैली में है। उसकी मूर्तियों को अगर आप देखेंगे तो खजुराहो की मूर्तियां याद आ जायेंगी। वही प्लाष्टिक स्टाइल है, वही रम्यता है, जो आप मध्यकाल में पाते हैं।

बहुत अच्छे सम्बन्ध रहे। इस सम्बन्ध में काठमाण्डौ उपत्यका की, जिसके बारे में आप सबने बहुत कहा, बहुत कुछ सुना समझा गया, सभी पुरानी वस्तुएँ प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। सम्बन्ध बहुत घनिष्ट रहे इसके बारे में आप लोगों को ज्ञात हुआ। मैं आप लोगों को पश्चिम नेपाल में ले चलना चाहता हूं। पश्चिम नेपाल में जाने से क्या प्रतीत होता है कि वहां जब भारत में मुसलमान राजाओं का आधिपत्य कायम हुआ तो अपने धर्म की रक्षा के लिए बहुत से विस्थापित राजपरिवार उनके साथ विद्वान्, कलाकार, चित्रकार, धार्मिक नेता, ऐसे बहुत से लोग आए और शीघ्र ही उन्होंने वहां अपनी प्रभुसत्ता स्थापित की। इसी सन्दर्भ में हमारी कुमायूं गढवाल की जो स्थापत्य कला है, जो मूर्तिकला है और यो पण्डित परम्परा है, जो स्त्रेक्रेट स्पेशलिष्ट हैं, सब लोगों ने अपनी अपनी जगह में ठीक वही परम्परा कायम की, जो कि भारत के कुमायूं गढवाल के क्षेत्र में है अथवा गङ्गा के बहाव के साथ सम्बद्ध क्षेत्रों मे विद्यमान है। इस तरीके से परा पूर्वकाल से जो सम्बन्ध थे, आजतक बहुत अच्छे ढंग से चलते रहे हैं। हम लोगों ने कभी राजनीतिक सीमाओं को ध्यान नहीं दिया। सांस्कृतिक एकता हमारी कायम रही।

हमलोग हमेशा यहां से चारधाम करने जाते हैं। वहां से दक्षिण भारत से लेकर सम्पूर्ण भारत के व्यक्ति बद्रीनाथ के दर्शन ने बाद यहां आकर पशुपति दर्शन से पहले दत्तात्रेय मन्दिरका दर्शन करते हैं। विना दत्तात्रेय मन्दिर के दर्शन किए यदि कोई पशुपतिनाथ में जाता है तो कहते हैं उसका पशु के रूप में जन्म होगा। खैर, ये सब धार्मिक अस्थाएं है। तो पूरे नेपाल और भारत सभी क्षेत्रों का सांस्कृतिक सम्बन्ध रहा है। संस्कृत और संस्कृति ने हमें एक दूसरे को आबद्ध करके रखा है और यह परम्परा दोनों देशों के बीच कायम रहे, बढती रहे। हम एक दूसरे को आदर के साथ देखें। और जैसे आज हमारे जगद्गुरु शङ्कराचार्य यहां आकर हमारे सांस्कृतिक सम्बन्ध को बढा रहे हैं और यहां से कलसा की यात्रा रामेश्वरम् तक को रही है, यह भविष्य में भी कायम रहे। इसी अनुरोध के साथ आप सब लोगों को प्रणाम करते हुए विदा लेता हूं।

धन्यवाद।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नेपाल में संस्कृतशिक्षा और उसकी परम्पराएँ

- डा. मङ्गलराज जोशी

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने ।
समस्तजगदाधारभूतये ब्रह्मणे नमः ।।
श्री मङ्गलमूर्तये नमः

आज रमणीय सायङ्काल के समय में आप लागों के समक्ष कुछ कहने के लिए हमको जो समय दिया है इसके लिए हम महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय और भारतीय राजदूतावास का आभार व्यक्त करते हैं । नेपाल व भारत के बीच सम्बन्धों की कैसी कैसी परम्परा रही इस सबके बारे में हमें बहुत हुछ सुनने को मिला । लेकिन नेपाल के विद्वानों ने अपने विषय में और साहित्य के बारे में क्या क्या लिखा है इसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं ।

सर्वप्रथम नेपाल और भारत दोनों देशों में संस्कृत भाषा को परिष्कृत भाषा के रूप मे मान्यता प्राप्त थी। केवल भारत और नेपाल में ही नहीं अपितु यूनान और यूरोप के प्राचीन देशों में भी प्राचीन भाषा के रूप में संस्कृत स्वीकृत था । क्यों कि हमने जर्मन में भी देखा कि वहां भी संस्कृत शब्द का बहुत प्रचार है । जैसे स्पेनिश में भी है । जैसे हम लोग होरा कहते हैं वे लोग भी होरा कहते हैं । Hora = होरा, होरा का मतलव समय है, घण्टा है । ऐसे संस्कृत के शब्द बहुत मिलते हैं अन्य भाषाओं में भी । इसीलिएलिए संस्कृत के शब्द केवल नेपाल और भारत मात्र में नहीं, नेपाल और भारत से बाहर भी प्रचलन में हैं । सभी ने संस्कृत को अपना लिया है । भाषा वैज्ञानिक इस बारे में बहुत कुछ खोज चुके हैं ।

संस्कृत भाषा का विकास नेपाल और भारत में सामान्यतया वैदिक और लौकिक भाषा के रूप में हुआ है । विक्रम सम्वत् के ५००० वर्ष पहले पाणिनी ने संस्कृत के वैज्ञानिक व्याकरण की जो रचना की थी उसके पहले संस्कृत व्याकरण का दूसरा ही रूप था । लेकिन जो व्याकरण है उसको हमने पढा तो है लेकिन व्यवहार में उसकी पढाई नहीं होती है । इसको पढने वाले लोग भी इस भाषा को व्यावहारिक प्रयोग की भाषा नहीं बनाते हैं । यह बहुत ही त्रुटिपूर्ण है, क्यों कि जो भाषा सर्वसाधारण के प्रयोग में आती है, जो व्यावहारिक रूप में बोली और सुनी जाती है उसी की प्रसिद्धि भी होती है । अंग्रेजी के प्रसिद्ध होने में यही एक प्रमुख कारण है । अतः संस्कृत के लिए भी ऐसी कोई संस्था स्थापित हो, जहां सर्वसाधारण को भी संस्कृत सिखायी जा सके । इसीके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अभाव में ही इसके विकास में बाधाएं हैं । दूसरी बात है कि समय के साथ परिवर्तन होते होते इसकी शाखाएँ प्रशाखाएँ तो बनी हैं क्योंकि पाली और प्राकृत भाषा के अतिरिक्त नेपाली और हिन्दी जैसी भाषा भी इसी भाषा से जन्मी हैं । जैसे २४५ वर्ष पूर्व का कपिलवस्तु का अभिलेख पाली भाषा में है । उस अभिलेख में कुछ अपभ्रंश दिखाई देते हैं । इसके साथ–साथ तत्कालीन नेपाल में संस्कृत के पुराण, महाभारत आदि का बहुत प्रचार हुआ लेकिन संस्कृत साहित्य के बेजोड कवि थे भारवी और कालिदास । **'उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थ गौरवम्, दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः'** और **'पुरा कवीनां गणनाप्रसङ्गे कनिष्ठिकाधिष्ठित-कालिदासः। अद्यापि तत्तुल्यकवेरभावादनामिका सार्थवती बभूव ।'** इत्यादि पंक्तियाँ कालिदासादि कवियों के बेजोड होने में प्रमाण हैं । किन्तु आज की स्थितियों को देखते हुए हमारी विद्या की उन्नति की बजाय उत्तरोत्तर अवनति हुई ऐसा प्रतीत होता है । क्योंकि हमारे जिन विद्वानों ने अपनी तपस्या से जिस प्रकार के शास्त्रों को लिखा है साहित्य में, व्याकरण में और ज्योतिष में उसको देखते हुए आज की स्थिति दयनीय दिखायी देती है।

हम भी ज्योतिष के ही विद्यार्थी हैं । इसीलिए जो शास्त्र ज्योतिष में पराशर ने लिखा है, गर्ग ने लिखा है आज उनका अर्थ भी सहज रूप से नहीं लगता है । पढानेवाले लोग भी ज्योतिष जैसे वैज्ञानिक शास्त्र को कैसे पढाएंगे ? क्योंकि ज्योतिष तो विज्ञान ही है, जिसको बराहमिहिर ने लिखा है । उसने त्रिस्कन्ध ज्योतिष लिखा है । इसीलिए वह वैज्ञानिक है, ज्योतिर्विद है । उसने तीनों स्कन्धों पर कितावें लिखी हैं । जैसे कि संहिता ग्रन्थ में लिखा है, होरा में लिखा है । जातक ग्रन्थ में ही है होरा जातक भी । इसीलिएके साथ गणित में भी उन्होंने लिखा है । इसीलिए हम सोचते हैं कि संहिता ग्रन्थ उन्होंने बहुत श्रम व तप करके लिखा है ।

भविष्यवाणी केवल ज्योतिष विद्या ही कर सकती है । दश वर्ष के बाद क्या होगा, बीस वर्ष के बाद क्या होगा आदि । पिछले दिनों भूकम्प के बारे में बहुत से जानकारों ने भविष्यवाणियां की किन्तु यह इतना सहज विषय नहीं था । बिना ज्योतिष के भूकम्प आदि भविष्यवाणी करने वालों को मैने चुनौती की । एक लाख तक पुरस्कार देने की सार्वजनिक घोषणा भी की और दैनिक पत्रिका कान्तिपुर के माध्यम से मैंने कह दिया कि अभी कोई ऐसा भूकम्प नहीं आने वाला है । क्यों नहीं होगा ? हो चुका है । इसके पहले १८ साल में और १९६२ में भी हमने दो महिने तक गणना करके बता दिया था भूकम्प के भावी स्थान क्षेत्र और समय के बारे में । यद्यपि उस समय हमें कम्प्यूटर जैसे उपकरण उपलब्ध नहीं थे किन्तु हमने १५ दिन पूर्व ही जापान, न्यूगिनी, दक्षिण भारत, नेपाल आदि क्षेत्र में भूकम्प की अग्रिम सूचना यहाँ के गोरखापत्र जैसे समाचार के माध्यम से लोगों को दी थी । वैसे तो हमारे प्राचीन समय में भी कम्प्यूटर है, जैसे यह भृगुसंहिता पूरी की पूरी कम्प्यूटराइज्ड (संगणितीय) है । क्योंकि हमको अपने ही जीवन के बारे भृगुसंहिता के माध्यम से जानकारी मिला था कि हम कब अमेरिका जाएंगे, हमारी कितनी संतान होगी आदि । तो शास्त्र स्वयं में तो सम्पन है ज्ञान विज्ञान से किन्तु जबतक प्रायोगिक शिक्षा नहीं दी जाएगी तबतक उनका कोई अर्थ नहीं होगा । लोग ज्योतिष की किताबें पढते हैं लेकिन जबतक सही गणित नहीं होगा, आकाश के तारागणों का उचित स्थान या स्थिति का निर्धारण सम्भव नहीं होगा । आजकल दिल्ली, बनारस, जोधपुर, जयपुर आदि स्थानों की वेधशालाएं भी प्रयोग में कम हैं क्योंकि इन प्रयोगशालाओं में ग्रहों, ताराओं के बारे में जो पर्यवेक्षण और परीक्षण होने चाहिए ठीक ठीक नहीं हो रहे हैं। जैसे आयुर्वेद के चरक और सुश्रुत जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं किन्तु उनका उचित उपयोग नहीं हुआ है । क्योंकि सर्जरी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उस सुश्रुत ग्रन्थ में लिखा है । जीवक ने ब्रेन सर्जरी किया है उस समय । इसीलिए तरह कौटिल्य का अर्थशास्त्र है या राजशास्त्र है, उसकी आज की पढाई में कहीं झलक नहीं मिलती । यद्यपि आज भी राजनीति पढाई जाती है किन्तु उसका जो राज्य प्रशासन है वह और है । आजकल जो आधुनिक राजनीतिक सिद्धान्त पढाए जाते हैं हमें उनमें कुछ अभाव सा लगता है ।

यद्यपि आप लोगों ने विश्वविद्यालयों के कर्तव्य, पारस्परिक एकता आदि के बारे में तो काफी कुछ कहा और कई प्रस्ताव भी आए किन्तु हमारे देश के अलग-अलग विषय के विद्वानों के योगदान बारे में कुछ नहीं कहा गया । नेपाल में ज्योतिष विद्या का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है । यहां के प्रथम ज्योतिषाचार्य हैं पण्डित नयराज पन्त। उनके अपनी शिक्षा पूरी करके वाराणसी से आने के बाद उनके दादा जी ने कहा कि तुमने ज्योतिष की शिक्षा तो पूरी की किन्तु इससे मात्र पर्याप्त नहीं होगा जबतक कि तुम फलित ज्यौतिष न पढ लो। और इसके लिए तुम्हें हमारे शिष्य कृष्णराज जोशी के पास जाना पडेगा । वो पढने गए वहां । लेकिन जितने दिन तक पढने गए हमारे पिता जी उन्हें बताते रहे कि वो रासते में क्या क्या करके जाते थे और किस किस ग्रह के प्रभाव से वैसा होता था आदि । यह थी व्यावहारिक पढाई । किन्तु आजकल संस्कृत के किताबों की पढाई तो होती है परन्तु उसका प्रयोग नहीं होता । यही हमारी शिक्षा का त्रुटिपूर्ण पक्ष है । इसीलिए हम कहते हैं कि प्रायोगिक शिक्षा का भी कुछ प्रयत्न होना चाहिए । और दूसरी बात आई कि सन् १९९९ का वर्ष संस्कृत वर्ष होना चाहिए । यह भी बढी अच्छी बात है । लेकिन एक वर्ष को संस्कृत के वर्ष के रूप में मान लेने मात्र से कुछ नहीं होगा । ठोस रूप में योजना बननी चाहिए कि एक वर्ष में क्या हो और पाँच वर्ष में क्या क्या करना है । इस तरह से पूरे १० वर्ष तक की योजना होनी चाहिए । आजकल विभिन्न विषयों मे रिसर्च हो रहे हैं किन्तु विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भी इस विषय की कोई कक्षा होनी चाहिए । अनुसन्धान के बारे में भी पाठ्यक्रम का कोई अंश होना चाहिए ।

तीसरी बात क्या है कि विद्या अर्थकरी होनी चाहिए । यदि पैसा नहीं होगा, आर्थिक आकर्षण नहीं होगा, बाजार नहीं होगा तो भी आदमी शिक्षा को नहीं पढेगा । पढनेवाले को रोजगार या काम के लिए भी क्षेत्र मिलना चाहिए । आजकल विश्वविद्यालयों में शास्त्री, आचार्य कक्षाओं की पढाई होती है । कहने के लिए आधुनिक विषय अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास आदि भी रखे गए हैं और लोक सेवा आदियों में भी कोई लोग पास कर जाते हैं लेकिन व्यावहारिक ज्ञान का जो पक्ष है वह फिर भी अधूरा है, अपूर्ण है ।

इस देश की विद्वत्परम्परा को यदि देखें तो लिच्छविकाल एवं मल्लकाल में संस्कृत वाङ्मय की सभी विधाओं में यहां अच्छा पठन-पाठन एवं लेखन का भी सुनहरा इतिहास उपलब्ध होता है । सन्त कवि जयदेव, जिसका लघुकाव्य पशुपति अभिलेख ही है । इसीलिए अभिलेख के कुछ पद्य प्रबुद्ध कवि बुद्धकीर्ति के रचे हुए हैं। और इसीलिए तरह सत्यनारायण स्थान, जो हांडी गांव में है, के सङ्केत अनुसार अनुपरम का भी अतुलनीय योगदान संस्कृत साहित्य में दिखायी देता है । इसके अतिरिक्त ब्रह्मर्षि विश्वामित्र, संस्कृत के आदिकवि वाल्मीकि, जिनका आश्रम भैंसालोटन (नेपाल) में ही था ऐसा इतिहासकार सिद्ध कर चुके हैं और पुराण रचना के लिए सुप्रसिद्ध व्यास, जिनका आश्रम भी नेपाल के ही दमौली के निकट व्यास गुफा में माना जाता है, आदि बडे बडे ऋषि मुनि एवं विद्वानों ने हमारी विद्या को पुष्पित पल्लवित एवं विकसित किया है । इसके अतिरिक्त हमारे ही समय के विद्वान् पण्डित सोमनाथ सिग्देल और हमारे ही सहपाठी पूर्णप्रसाद ब्राह्मण का भी योगदान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कम नहीं है । पण्डितराज सोमनाथ संस्कृत, नेपाली, साहित्य और व्याकरण को सहज एवं सरल रूप से समझाने में और आदर्शराघव जैसे नेपाली काव्य की रचना में भी उनकी प्रतिभा का पूरा परिचय मिलता है। और सत्यहरिश्चन्द्रमहाकाव्यम् जैसे बहुत-सी कृतियों के रचयिता पूर्णप्रसाद ब्राह्मण का भी संस्कृत भाषा के विकास में कम योगदान नहीं है ।

इस देशका अतीत उज्ज्वल था और वर्तमान में भी कुछ हो रहा है । महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आज भी शास्त्रीय विषय व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, वेद आदि के साथ आधुनिक विषयों का भी अध्ययन-अध्यापन होता है । यह बहुत अच्छी बात है । और इस प्रकार की जो गोष्ठी हुई यह भी प्रशंसनीय काम है । अन्त में मेरा यह कहना है कि शास्त्रों के पठन-पाठन के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान के लिए, प्रयोग क्षेत्र के विस्तार के लिए भी ऐसा कोई कार्यक्रम बने, इसीलिए से हमारा भविष्य भी सुखमय हो सकता है । इतना ही आप लोगों से प्रार्थना करके मैं अपना छोटा सा वक्तव्य यहीं समाप्त करता हूं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रस्तौति निजमन्तव्यं द्वयोर्मङ्गलकारकम् ।
जोशी मङ्गलराजोऽयं दैवज्ञो मित्रराष्ट्रयोः ।।

सिद्धिं कामयमानास्ते प्रारम्भे वेदपाठिनः ।
कार्यक्रमस्य मञ्चेऽस्मिन् गायन्ति मङ्गलश्रुतिम् ।।

सभागतानां च समागतानामायोजकानां पुरतो विभाति ।
कृतार्थयन् धन्यवचोभिरन्ते मनीषिवर्यानखिलेशमिश्रः ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



श्रीनेपालभारतयोरुभयोर्मित्रराष्ट्रयोः ।
सम्बन्धसेतुरूपेण स्थितस्य संस्कृतस्य च ॥
सम्बन्धे श्रीपशुपतेर्नगर्यां देशयोर्द्वयोः ।
आयोजितायां संगोष्ठ्यां विदुषां भाति सङ्गमः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लोकेन्द्रमानसिंहोऽसौ स्थापयन्त्र राजते ।
नोपेक्षणीयायुर्वेदः संस्कृतोत्थानकर्मसु ॥

पाण्डे रामनिवासोऽयं संस्कृते संस्कृतावपि।
स्थापयन् समतामत्र राजते राष्ट्रयोर्द्वयोः ॥

सञ्चालिकेयमलका गोष्ठ्याः सञ्चालनक्रमे ।
मञ्चस्य दक्षिणे भागे राजतेऽत्र सुभाषिणी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

परिशिष्टम्

गोष्ठ्याः कार्यक्रमविवरणम्

सभापतित्वं वहति मञ्चे वी. वेङ्कटाचलम् ।
हृषीकेशादयः सन्ति सभ्यास्तदभितस्तथा ।।

"संस्कृतं नेपाल-भारतसम्बन्धश्च" इति विषये भारतीयराजदूतावास-महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालययोः संयुक्तायोजनायां वि.सं. २०५५ आषाढमासस्य एकोनविंश-विंशतितमयोर्दिवसयोस्तदनुसारं ख्रिष्टाब्द १९९८ जुलाईमासस्य तृतीय-चतुर्थयोर्दिनाङ्कयोर्द्विदिवसीया विद्वद्गोष्ठी सम्पन्ना ।

अस्या विद्वद्गोष्ठ्याः प्रमुखातिथिर्नेपाल-जनप्रतिनिधिसभायाः सभामुखो रामचन्द्र-पौडेल आसीत् । गोष्ठ्याः प्रथमदिवसस्य समुद्घाटनसमारोहो विभिन्नेषु त्रिषूपवेशेषु सम्पन्नतामगात् । प्रमुखातिथिना दीपप्रज्वालनपूर्वकं विधिवत्समुद्घाटितायास्तस्याः संगोष्ठ्याः प्रथमोपवेशस्य साभापत्यं महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालयस्योपकुलपतिना प्रा. माधवराजगौतममहाभागेन कृतम् । समुपस्थितविद्वत्समुदायस्य स्वागतार्थं भारतीयमहामहिमराजदूतेन के.भी. राजन् महोदयेन सारगर्भं स्वागतमन्तव्यं प्रकटितम् ।

उक्त समारोहस्य प्रथमसत्रे वाराणसीस्थ-सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्योपकुलपतिना विदुषा डा.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मण्डनमिश्रमहाभागेन 'भारत-नेपाल-सम्बन्धसेतुर्भक्तिः संस्कृतञ्च' इति विषयकं कार्यपत्रं प्रस्तुतम् । कार्यपत्रेऽस्मिन् कान्तिपुरप्रकाशनस्याध्यक्षेण हेमराजज्ञवालिमहाभागेन स्वकीयं टिप्पणीमन्तव्यं प्रकटितम् । ततः परं प्रमुखातिथिना रामचन्द्रपौडेलमहाभागेन समुद्घाटनभाषणं प्रस्तुतम्। सत्रान्ते च सभाध्यक्षः महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य उपकुलपतिः प्रा. माधवराजगौतमः कार्यक्रमस्य समीक्षात्मकं स्वमन्तव्यं प्राकटयत् ।

जलपानादिप्रसङ्गेन किञ्चिद् विश्रम्य प्रारब्धस्य द्वितीयोपवेशस्य साभापत्यं भारतस्य दरभङ्गास्थितकामेश्वरसिंहदरभङ्गासंस्कृतविश्वविद्यालयस्योपकुलपतिना मनीषिणा प्रो.वी. वेङ्कटाचलम्महाभागेन विहितम् । अस्मिन्नुपवेशे भारतस्योज्जैनस्थितस्य महर्षिसन्दीपनिवेदप्रतिष्ठानस्य सदस्य-सचिवेन प्रो. युगलकिशोरमिश्रमहोदयेन 'भारतनेपालसम्बन्धानामैतिहासिकता' विषये कार्यपत्रं प्रस्तुतम् । एतस्मात् परम् महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य प्राध्यापकेन विद्यानाथोपाध्यायमहोदयेन 'नेपालभारतयोः सम्बन्धस्य कारकतत्त्वं संस्कृतवाङ्मयम्' इति विषये स्वकीयाः विचाराः प्रकटिताः । तदनन्तरं नेपालस्य भूतपूर्वविदेशमन्त्री हृषीकेशशाहमहाभागः समीक्षात्मिकां टिप्पणीं प्रास्तौषीत्। ततोऽध्यक्षीयमन्तव्यक्रमे प्रो.वी. वेङ्कटाचलम्महाभागः 'भारत-नेपालयोः सांस्कृतिकसम्बन्धानां संवर्धने संस्कृतविश्वविद्यालयानां भूमिका' इति विषये ओजःपूर्णं स्ववक्तव्यं प्रस्तुतवान्। ततस्तृतीयोपवेशो भोजनविश्रामानन्तरं प्रारब्धः। अस्य साभापत्यं भारतस्य तिरुपतिस्थराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य कुलपतिना डा. वा. रा. पञ्चमुखिमहाभागेनानुष्ठितम् । अस्मिन्नुपवेशे भारतस्य देहलीस्थलालबहादुरशास्त्रिसंस्कृतविद्यापीठस्योपकुलपतिः प्रो. वाचस्पति उपाध्यायमहाभागः –नेपालस्य राजनीतिकसंस्थानां संस्कृतस्रोतांसी'ति विषयमवलम्ब्य स्ववैदुष्यमण्डितान् विचारान् प्रतिष्ठापितवान् । समारोहं सम्बोधयन् नैपालको विद्वान् डा. जगदीशरेग्मीमहाभागो 'भारतनेपालयोः संस्कृतसाहित्यं सांस्कृतिकमादानं प्रदानञ्चेति' शीर्षकेऽभ्यभाषत । इतः परमपरो वक्ता संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य नेपालराष्ट्रभूतपूर्वप्रतिनिधिः डा. जयराजाचार्यः गोष्ठ्या निर्धारितविषये न्यवादीत् । अस्मिन्नेवक्रमे महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य प्राध्यापको डा. दुर्गाप्रसाददवाडीमहोदयः 'प्राचीनकाले नेपालभारतसम्बन्धे संस्कृतसाहित्यस्य योगदानमिति' विषयात्मकं स्ववक्तव्यमभिव्यक्तवान् ।

अस्मिन्नेवोपवेशे भारतस्य तिरुपतिस्थितस्य राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयस्योपकुलपतिना प्रो. एस्. वी. रघुनाथाचार्यमहाभागेन 'संस्कृतं नेपाल-भारत-सम्बन्धश्च' इत्यस्मिन् विषये स्वकीयं मन्तव्यं प्रकटितम् । तथैवामुमेव विषयमवलम्ब्य डा. मङ्गलराजजोशी, डा. रामनिवासपाण्डे, श्रीभद्रशर्मप्रभृतिभिर्विद्वद्भिश्च स्व-स्व विचाराः प्रकटिताः।

इत्थं पूर्वोक्तक्रमेण प्रथमदिवसीयकार्यक्रमे सम्पन्ने गोष्ठ्या द्वितीयदिनस्य कार्यक्रमोऽपि तथैव प्रारब्धः । एतद्दिनस्य प्रथमोपवेशस्य सभापतिपदं राजेश्वरदेवकोटामहोदयेनालङ्कृतम् । अस्मिन्नुपवेशे सर्वप्रथमतः भारतस्य जवलपुरस्थितमहर्षिमहेशयोगिवैदिकविश्वविद्यालयस्योपकुलपतिः डा. आद्याप्रसादमिश्रमहाभागः 'भारतनेपालयोर्धार्मिकसांस्कृतिकसमरूपताविषये, भारत-केरलास्थशङ्कराचार्यविश्वविद्यालयस्य उपकुलपतिः प्रो.एन्. परमेश्वरन् उन्नीमहोदयः 'युगसन्दर्भे नेपालकेरलौ' इति शीर्षके, प्रा. खेमराजकेशवशरणः, महेन्द्र-संस्कृतविश्वविद्यालयस्य सहप्राध्यापकः शिवराजाजार्यश्च 'संस्कृतं नेपाल-भारतसम्बन्धाश्च' इति विषये क्रमशस्ते स्व-स्व मन्तव्यानि प्रकटितवन्तः । एवमेव म.सं.वि. आयुर्वेदसङ्कायप्रमुखः डा. लोकेन्द्रमानसिंहोऽपि गोष्ठ्या मूलशीर्षकवृत्ते वर्तमानः संस्कृतज्ञानां वर्तमानभूमिकाविषये स्वविचारान् प्रस्तुतवान् ।

एतदनन्तरं पुनर्महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालयस्योपकुलपतेः प्रा. माधवराजगौतममहाभागस्याध्यक्षतायां गोष्ठ्याः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समापनसमारोहः संचालितः। समारोहेऽस्मिन् प्रो. वेङ्कटाचलम्, प्रा. तुलसीदिवसः, स्नातकप्रतिनिधिर्बद्रीपाण्डेप्रभृतयो वक्तारः गोष्ठ्या उपादेयतासम्बन्धे स्वकीयान् सारसन्दर्भपूर्णान् विचारान् प्रस्तुतवन्तः।

भारतीयराजदूतावास–महेन्द्रसंस्कृतविश्वविद्यालयाभ्यां संयुक्तरूपेण समायोजिताया अस्याः सङ्गोष्ठ्याः सहभागिभ्यः सर्वेभ्यो विद्वद्भ्यो भारतीयराजदूतावासस्य प्रथमसचिवोऽखिलेशमिश्रमहाभागः ससौहार्दं धन्यवादान् व्यतरत्।

म.सं.वि. वाल्मीकिविद्यापीठस्योपप्राध्यापिकायाः चूडालाख्यायाः श्रीमत्या अलकायाः सरससौष्ठवपूर्णसञ्चालने सम्पन्नाया अस्याः सङ्गोष्ठ्याः समापनसमारोहं सम्बोधयन् सभाध्यक्षः उपकुलपतिः प्रा. माधवराजगौतममहाभागः स्वस्थापनाकालाद्विश्वविद्यालयेन सम्पादितेषु प्रमुखकार्यक्रमेषु अस्या अपि गोष्ठ्याः स्थानं महत्त्वपूर्णं वरीवर्तीति समवोचत्। अग्रे भाषमाणस्तत्रभवानुपकुलपतिर्गौतमोऽकथयद्यत् चिरकालादभिन्नमित्रयोर्नेपालभारतयोः सम्बन्ध–संवर्धनाय एतादृशानि महत्त्वपूर्णान्यायोजनानि आगामिदिवसेष्वपि अनवरतरूपेण भवन्त्विति संस्कृतविद्वद्भी राजनीतिकसंस्थाभिश्च क्रियाशीलैर्भाव्यमिति।

अन्ते च एतादृशेषु कार्यक्रमेषु स्वकीयां प्रतिबद्धतामपि प्रकटय्य निम्नाङ्कितसर्वसम्मतप्रस्तावसहितामिमां गोष्ठीमपि सः व्यसर्जयत्।

पारितप्रस्तावाः –

१. नेपाल–भारतराष्ट्रयोः संस्कृतविश्वविद्यालयेषु (यत्र कुत्रापि) प्रतिवर्षं संस्कृतसम्मेलनं समायोजितं भवतु।

२. यत्र च उभयोर्देशयोः संस्कृतविश्वविद्यालयीयानामांधिकारिकाणां विदुषां प्राध्यापकवर्गाणां च संस्कृतवाङ्मये समयोचितगतिप्रदानाय महनीयं प्रातिनिध्यं भवतु।

३. पारस्परिक–विशिष्ट–ज्ञानानुभवादीनामादानप्रदानप्रयोजनाय समये समये संस्कृतविश्वविद्यालयीयानां प्राध्यापकानां छात्राणां च परस्परविनिमयकार्यक्रमाः शैक्षिकभ्रमणादीनि च भवन्तु।

४. नेपालभारतयोः संस्कृतविश्वविद्यालय–महाविद्यालय–माध्यमिक–विद्यालयेषु च अध्ययनाध्यापन–लेखन–सम्भाषणादिषु संस्कृत–भाषयैव व्यवहरन्तः समाजे देवभाषायाः व्यवहारयोग्यतां प्रदर्शयन्तु।

५. संस्कृतविश्वविद्यालयेषु समयोचितः पाठ्यक्रमो निर्धारणीयः। यत्र च आधुनिकानां विषयाणां समावेशो मूलविषयस्यैव ह्रासाय माभूदितिविषयश्च मनीषिभिः सुतरां चिन्तनीयः।

६. पूर्वोक्तप्रयोजनस्य कृते विश्वविद्यालयीयपदाधिकारिस्तरीया गम्भीरपरिचिन्तनात्मिका गोष्ठी भारतनेपालयोर्विश्वविद्यालयेषु यथाक्रमं यस्मिन् कस्मिन्नपि स्थाने प्रतिवर्षं भवतु।

७. विश्वविद्यालयाः समये समये संस्कृतसम्भाषणशिविराणि आयोजयन्तु, संस्कृतजागृतिसमुद्बोधकानि लघु–नाटकानि प्रदर्शयन्तु, आकाशवाणीदूरदर्शनादिसमाचारप्रसारणसाधनमाध्यमेन संस्कृतोपयोगिनः कार्यक्रमाश्च प्रसारयन्तु। प्रसारितकार्यक्रमप्रभावांश्च प्रतिवर्षं समीक्षणपद्धत्या विचारयन्तु।

॥ इति शुभम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu